


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-007 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## कांग्रेस के घोषणा पत्र में न्याय के पांच स्तंभ और 25 गारंटी

**नई दिल्ली,5 अप्रैल.** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले, कांग्रेस पार्टी ने आज अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें 'न्याय के पांच स्तंभों' पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अपने घोषणापत्र में, पार्टी ने महिलाओं के लिए नकद हस्तांतरण, रोजगार के अवसर और जाति जनगणना पर ध्यान केंद्रित किया। कांग्रेस के घोषणापत्र में 'पांच न्याय' या न्याय के पांच स्तंभों में 'युवा न्याय', 'नारी न्याय', 'किसान न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'हिस्सेदारी न्याय' शामिल थे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव, 2024 के लिए 'न्याय पत्र' जारी किया जा रहा है। हमारा ये न्याय पत्र देश की राजनीति के इतिहास में न्याय के दस्तावेज के रुप में याद किया जाएगा। राहुल गांधी ने नेतृत्व में चली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में 5 पिलर पर केंद्रित है इन पिलर में से 25 गारंटी निकलती है। इस खास मौके पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेता भी कांग्रेस मुख्यालय में मौजूद रहे।




कांग्रेस के घोषणा पत्र में इस बार पुरानी पेंशन स्कीम का जिक्र नहीं किया गया है।

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में ईवीएम से चुनाव न कराने का ऐलान भी नहीं किया है। हालांकि उसने यह जरूर कहा कि चुनाव ईवीएम से ही होंगे, लेकिन मतदाताओं को अधिकार होगा कि वह वोटर स्लिप पा सकें। पार्टी ने युवा न्याय के अंतर्गत पांच गारंटी की बात कही है। इसके तहत ही 30 लाख सरकारी नौकरियां युवाओं को दी जाएंगी। उन्हे एक साल के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये मिलेंगे। वहीं हिस्सेदारी न्याय में जाति जनगणना कराने और आरक्षण की सीमा को खत्म करने की अनुमति मिली है। किसान न्याय के तहत एमएस पी को कानूनी दर्जा दिए जाने का वादा किया है। वहीं कर्ज माफी आयोग और जीएसटी मुक्त खेती का भी वादा किया गया है।

### घोषणा पत्र की बड़ी बातें

- » आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों में दस प्रतिशत कोटा बिना किसी भेदभाव के सभी जातियों, समुदायों के लिए लागू किया जाएगा।
- » कांग्रेस गारंटी देती है कि वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ष के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने के लिए संवैधानिक संशोधन पारित करेगी।
- » कांग्रेस देशव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना कराएगी।
- » सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए 25 लाख रुपये तक के कैशलेस बीमा का राजस्थान मॉडल अपनाया जाएगा।
- » किसान न्याय के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा दी जाएगी।
- » कर्ज माफी आयोग के गठन किया जाएगा। साथ ही जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है।
- » श्रमिक न्याय के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा।
- » नारी न्याय में महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए हैं।
- » घोषणा पत्र में कांग्रेस ने यह भी कहा है कि सरकार में आने के बाद वह नई शिक्षा नीति को लेकर राज्य सरकारों के साथ परामर्श करेगी और इसमें संशोधन करें करेगी।
- » उसने कहा कि ÷पिछले 10 वर्षों में हुए भ्रष्टाचार÷ के मामलों की जांच कराई जाएगी।
- » कांग्रेस ने वादा किया कि वह ऊपरी अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए उच्चतम न्यायालय के साथ विचार विमर्श कर राष्ट्रीय न्यायिक आयोग का गठन करेगी।

## संक्षेप

### रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं, महंगाई पर लगाम लगाने की कोशिश

**मुंबई,5 अप्रैल.** आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति घोषणा की. दरें तय करने वाली समिति, मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की दो दिवसीय समीक्षा बैठक 3 अप्रैल को शुरू हुई थी और आज 5 अप्रैल को खत्म हुई. अहम फैसला लेते हुए आरबीआई ने लगातार सातवीं बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो रेट को 6.5% पर ही बनाए रखने का फैसला किया है. गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली छह सदस्यों वाली एमपीसी ने वैश्विक आर्थिक स्थिति, भारत की जीडीपी वृद्धि और मुद्रास्फीति पर वैश्विक रुझानों के प्रभाव को ध्यान में रखा. इस फैसले का मतलब है कि बैंकों से कमर्शियल लोन लेने की दर (रेपो रेट) अभी कम नहीं होगी. इसका असर लोन की ब्याज दरों पर पड़ सकता है. हालांकि, आरबीआई का ये फैसला महंगाई को काबू में रखने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है.

### दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी की मुश्किलें बढ़ीं

**नई दिल्ली ,05 अप्रैल ।** दिल्ली शराब नीति घोटाले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। इस कड़ी में चुनाव आयोग ने दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी को नोटिस भेज दिया है। आयोग ने यह नोटिस बीजेपी की शिकायत के बाद भेजा। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने आतिशी को 6 अप्रैल की शाम 5 बजे तक जवाब देने के लिए कहा। चुनाव आयोग ने कहा है कि नोटिस के प्रत्येक पैरा का लिखित में जवाब दिया जाए। दरअसल, तीन दिन पहले आतिशी सिंह ने बीजेपी जॉइन करने का ऑफर मिलने का आरोप लगाया था। आतिशी का कहना था कि आतिशी ने कहा कि उन्हें बीजेपी में शामिल होने का ऑफर भी मिला और धमकी भी। उन्होंने दावा किया कि अगले 2 महीने में 'आप' के 4 नेताओं की गिरफ्तारी होने वाली है। आतिशी के मुताबिक, उनके बाद सौरभ भारद्वाज को गिरफ्तार किया जाएगा। फिर दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा भी अरेस्ट होंगे।

### साजिश के तहत हुई है केजरीवाल की गिरफ्तारी : संजय सिंह

**नई दिल्ली ,5 अप्रैल ।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शुक्रवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी एक साजिश के तहत हुई है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के उन आरोपों को दोहराया जिनमें कहा जा रहा है कि ईडी ने दबाव डालकर कुछ आरोपियों से केजरीवाल के खिलाफ बयान दिलवाया और फिर उन्हें राहत दे दी। संजय सिंह ने कहा कि मंगुटा रेड्डी और उनके बेटे राघव रेड्डी पर ईडी ने दबाव डालकर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान दिलवाया गया और साजिश के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने यह भी आरोप दोहराया कि शरत रेड्डी पर भी ईडी ने दबाव डालकर केजरीवाल के खिलाफ बयान लिया।

उन्होंने कहा कि बाद में रेड्डी से भाजपा ने 55 करोड़ रुपए का चंदा लिया। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद बुधवार शाम संजय सिंह की तिहाड़ जेल से रिहाई हुई। संजय सिंह करीब छह महीने जेल में थे। संजय सिंह ने कहा, असली बात यह है कि शराब घोटाला भाजपा ने किया है और ईडी की जांच के बाद शुरू हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ ऐसे बयान छिपा लिए गए जो उनके खिलाफ नहीं थे। दबाव डालकर जो बयान दिए गए उन्हें गिरफ्तारी का आधार बनाया गया। मैं इस देश की जनता से कहना चाहता हूं कि आपका मुख्यमंत्री और आपका बेटा सौ फीसदी ईमानदारी से जीवन जीया है। केजरीवाल पर ना पहले कोई दाग था, ना कभी रहेगा। अरविंद केजरीवाल का गुनाह सिर्फ यह है कि वह दिल्ली के बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए काम कर रहे हैं।



## नक्सलियों ने की युवक की हत्या और मोबाइल टावर में लगाई आग

**मोहला,5 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के नक्सल क्षेत्र मोहला मानपुर से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां नक्सलियों ने एक बार फिर एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। इतना ही नहीं नक्सलियों ने मोबाइल टावर में भी आग लगाई है। नक्सलियों द्वारा एक साथ दो बड़ी घटनाओं को अंजाम देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, सितागांव थाना क्षेत्र के पिटेमेटा गांव में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में एक युवक को मौत के घात उतार दिया। इसके बाद नक्सलियों ने एक मोबाइल टावर में आग लगा दी। नक्सलियों ने वारदात के बाद घटनास्थल पर भारी संख्या में पर्चे भी फेंके है। पर्चो में नक्सलियों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने और भाजपा को मार भगाने की बात लिखी है। इस पूरी घटना की जिम्मेदारी आरकेबी डिविजन कमेटी ने ली है। अपुष्ट खबर के अनुसार नक्सलियों ने जिस ग्रामीण को पुलिस मुखबिर बताकर मारा है उसकी बहन नक्सली प्रमिला गावड़े थी,जिसकी मौत पुलिस मुठभेड़ में हो चुकी है।

### नारायणपुर में रस्सी से गला घोंटकर हत्या

नारायणपुर में नक्सलियों ने छोटेडोंगर थाना के तुरुषमेटा और मूसनार के बीच जंगल में बीती शाम क़रीब साढ़े सात बजे के लगभग घस्सू कोराम नामक ग्रामीण की गला घोट कर हत्या कर दी।घस्सू कोर्राम पूर्व नक्सली था। घस्सू कोर्राम 2012 से 2022 तक नक्सलियों के साथ सक्रिय था।घस्सू कोर्राम अमदई एरिया कमेटी का सचिव था और उस पर पाँच लाख का ईनाम था। घस्सू ने जनवरी 2024 में सरेंडर किया था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उसे नक्सलियों से ख़तरे को लेकर लगातार आगाह किया गया था और नारायणपुर मुख्यालय में रखा गया था, लेकिन वह वापस गाँव आ गया था। नक्सलियों ने उसे जंगल में तब पकड़ा जबकि वह छोटे जानवर पकड़ने गया था। नक्सली घस्सू की हत्या के बाद उसके घर पहुँचे और उसके पिता को यह बताकर फ़रार हो गए कि, घस्सू की लाश जंगल में है ले जाओ।

### 2 इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर ,5 अप्रैल.** कुटरू व फरसेगढ़ थाना की संयुक्त पार्टी ने एक लाख की ईनामी एलजीएस सदस्य सहित दो महिला नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ी गई महिला नक्सली ग्रामीण की हत्या, मारपीट व पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नक्सल विरोधी अभियान के तहत बुधवार को फरसेगढ़ व कुटरू थाना की संयुक्त पार्टी द्वारा चुचकोंटा से एक महिला नक्सली पोयामी सन्नी उर्फ रंजिता (34) निवासी चुचकोंटा थाना फरसेगढ़ को पकड़ा गया। पकड़ी गई महिला नक्सली ग्रामीण की हत्या मारपीट व पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल थी। पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा उक्त महिला की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का ईनाम घोषित है। फरसेगढ़ थाना में उसके खिलाफ 5 स्थाई वारंट लंबित हैं। वहीं दूसरी तरफ केतुलनार से फरसेगढ़ एलजीएस सदस्य पोयाम फगनी (30) निवासी केतुलनार थाना कुटरू को पकड़ा गया। पकड़ी गई नक्सली के विरुद्ध छग शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 1 लाख का ईनाम घोषित है। पकड़ी गई महिला नक्सली 10 सितंबर 2015 को एडापल्ली के जंगल में पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल थी। उसके विरुद्ध फरसेगढ़ थाना में 1 स्थाई वारंट लंबित हैं। पकड़ी गई महिला नक्सलियों के विरुद्ध कुटरू व फरसेगढ़ थाना में वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।



## हम जो ठान लेते हैं, उसे पूरा करके दिखाते हैं: मोदी

**जयपुर,5 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रवार को राजस्थान के चूरू में सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि राजस्थान पराक्रम और परिश्रम की धरती है। ये वीर बेटों को जन्म देने वाली वीर-वीरांगना माताओं की पवित्र भूमि है। इसीलिए राजस्थान जो ठान लेता है, वो पत्थर की लकीर बन जाता है। यही जज्बा मैं अपने सामने देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि राजस्थान का किसान, मेरे राजस्थान का नौजवान और आप सब माताएं-बहनें, इतनी बड़ी संख्या में दूर-दूर से हमें अपना आशीर्वाद देने आए हैं। पूरा राजस्थान कह रहा है - फिर एक बार मोदी सरकार।



प्रधानमंत्री ने कहा कि आज चुरू में दिल्ली से नरेन्द्र, देवेंद्र के लिए आशीर्वाद मांगने आया है और जब नरेन्द्र, देवेंद्र के लिए आशीर्वाद मांगता है, तो आप लोग छप्पर फाड़ कर आशीर्वाद देते हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया हैरान है कि भारत इतनी तेजी से कैसे विकास कर रहा है? दुनिया को पता नहीं है कि भारत की इस मिट्टी की बात ही कुछ और है। उन्होंने कहा कि हम जो ठान लेते हैं, वो पूरा करके दिखाते हैं। पिछले 10 साल में आपने देश को बदलते देखा है। उन्होंने कहा कि 2014 में आपने गरीब के इस बेटे को अपनी सेवा का मौका दिया। हताशा, निराशा ये मोदी के पास भी नहीं फ्टक सकती। मैनें तय किया कि हालात बदलने ही होंगे। मेरे लिए तो मेरा भारत, मेरा परिवार है। हमने ईमानदारी से काम किया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनौतियों को चुनौती देना, यही तो हमारी मिट्टी की ताकत है। हमारे राजस्थान में तो कहते हैं - अपनी करणी पार उतरणी। हमने परिश्रम किया और परिणाम लाकर दिखा दिया। उन्होंने कहा कि आज हम जल जीवन मिशन योजना लेकर घर-घर में पानी का कनेक्शन देने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। राजस्थान में करीब 50 लाख घरों में पीने का शुद्ध पानी पहुंचाया जा चुका है। कांग्रेस सरकार हमारी इस योजना में भी भ्रष्टाचार करने का मौका नहीं छोड़ती थी। लेकिन अब उन कमियों को भी दूर किया जा रहा है।

मोदी ने कहा कि राजस्थान के 4.50 करोड़ जरूरतमंदों को हर महीने मुफ्त राशन भी दिया जा रहा है। यानी जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है। जो काम इतने दशक में नहीं हुए, वो हमने 10 साल में करके दिखाए। इसलिए मैं कहता हूं- जब नीयत सही, तो नतीजे सही। उन्होंने कहा कि जो काम अब तक हुआ है, वो तो सिर्फट्रेलर है। अभी बहुत कुछ करना है। बहुत सारे सपने हैं, हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि आज देश में मोदी की गारंटी की चर्चा हो रही है। मोदी की गारंटी कैसे पूरी होती है और कितनी रफ्तार से पूरी होती है, राजस्थान उसका बहुत बड़ा उदाहरण है।

### जम्मू-कश्मीर के उरी में घुसपैठ की साजिश नाकाम

**नई दिल्ली ,5 अप्रैल ।** भारतीय सेना ने शुक्रवार यानी 5 अप्रैल को सुबह-सुबह उरी में आतंकवादियों के घुसपैठ को नाकाम कर दिया है। सेना ने रुस्ट के रुस्तम पोस्ट इलाके में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया है। इलाके में सेना का ऑपरेशन अभी भी जारी है। सेना के सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ के बाद इलाके में तलाशी और घेराबंदी अभियान जारी है और एक आतंकवादी मारा गया है। सेना के सूत्रों ने कहा कि आतंकवादियों का एक समूह जो भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था, उसे भारतीय सेना के जवानों की प्रभावी गोलीबारी के कारण वापस खदेड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि नियंत्रण रेखा पर आतंकवादियों और सेना के जवानों के बीच गोलीबारी हुई। सेना के सूत्रों ने आगे बताया कि गोलीबारी के बाद अतिरिक्त बलों को घटनास्थल पर भेजा गया।

## गांजा तस्करी करते धरी गई यूपी की महिलाएं

### सूटकेस में नई साड़ियों के बीच छिपा रखा था 3 लाख का माल

**गरियाबंद,5 अप्रैल**

एमपी, राजस्थान और ओडिसा के बाद अब यूपी की महिलाएं गांजा की तस्करी करते हुए पकड़ी गई हैं. महिलाओं ने 3 लाख रुपए कीमत का गांजा ट्रॉलियों के अंदर नई साड़ियों के बीच में लपेटकर रखा था. मैनपुर पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर महिलाओं को यात्री बस से उतार कर कार्यवाही को अंजाम दिया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यूपी के बलिया जिले की रहने वाली तीन महिलाएं देवभोग से रायपुर जाने वाली बस में सवार होते ही शक के दायरे में आ गई. मुखबिर से मिली सूचना पर मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा ने बोईर गांव के पास बस को रोककर महिलाओं से पूछताछ करने के साथ इनके पास रखी ट्रालियों की गवाहों के समक्ष जांच की गई, जिसमें पैकेटों में 3 लाख रुपए मूल्य का 30 किलो गांजा जब्त किया गया.गिरफ्तार की गई महिलाएं यूपी के बलिया जिला की रहने वाली हैं. पकड़ी गई महिला आरोपियों में विजय लक्ष्मी (32 वर्ष), सीमा खातून (40 वर्ष) और कमलबती (40 वर्ष) शामिल हैं. एसडीओपी बाजी लाल सिंग ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफएनडीपीएस के तहत कार्यवाही की जा रही है. मैनपुर पुलिस लगातार नशे के कारोबार पर



लगाम कसने की कवायद में जुड़ी हुई है. सबसे पहले 2 अप्रैल को कोतवाली पुलिस ने बस से 26 किलो गांजा ले जाते एमपी और राजस्थान के दो तस्करों को गिरफ्तार किया था. इसके बाद 3 अप्रैल को देवभोग पुलिस ने ओडिसा के दो सप्लायर को 28 किलो गांजा के साथ दबोचा था. इसके बाद आज मैनपुर पुलिस ने यूपी के 3 महिला तस्करों को 30 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. तीनों कालाहांडी जिले से गांजा ले कर आ रही थीं. कालाहांडी के पहाड़ी इलाके के अलावा कोरापुट के पहाड़ों में गांजा की बड़ी मात्रा में खेती होती है.

## हेमंत सोरेन पर ईडी की बड़ी कार्रवाई 31 करोड़ रुपये की जमीन कुर्क

**रांची ,5 अप्रैल ।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। जमीन घोटाले में जेल में बंद सोरेन के खिलाफ श्श्ष्ठ ने जांच तेज कर दी है। श्श्ष्ठ ने हेमंत सोरेन के कथित स्वामित्व वाले 8.86 एकड़ जमीन को कुर्क कर लिया, जिसकी कीमत करीब 31 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ये जमीन रांची के बरियातू में है।

ईडी ने गुरुवार को बताया कि पूर्व ष्टरूसोरेन और उनके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत ये कार्रवाई की गई है। जमीन घोटाले में पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे के बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की। इस मामले में अधिकारियों समेत कई लोगों के खिलाफ घोटाले का आरोप है। ईडी ने कहा है कि इस मामले में मुख्य आरोपी झारखंड के राजस्व विभाग के पूर्व अधिकारी एवं सरकारी रिकॉर्ड संरक्षक प्रसाद हैं। प्रसाद पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया। ईडी की जांच में पाया गया है कि जमीन के रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ किया गया ताकि इसका फायदा भूमाफिया उठा सके।

## जेल से मनीष सिसोदिया ने अपने समर्थकों को लिखी चिट्ठी, कहा-जल्द बाहर आऊंगा

**नई दिल्ली ,5 अप्रैल।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में सलाखों के पीछे बंद आप नेता मनीष सिसोदिया ने जेल से चिट्ठी लिखी है। उन्होंने यह चिट्ठी ऐसे समय में लिखी है, जब मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरे देश में आप का बीजेपी के खिलाफ हल्ला बोल जारी है। सिसोदिया ने जेल से लिखी अपनी चिट्ठी में एक या दो नहीं, बल्कि अनेकों मुद्दों का जिक्र किया है। इसके अलावा उन्होंने जल्द ही जेल से बाहर आने का भी भरोसा अपने समर्थकों को दिया है। सिसोदिया ने चिठ्ठी में लिखा है, जल्द ही बाहर मिलेंगे। शिक्षा क्रांति जिंदाबाद। पिछले एक साल में मुझे आप सभी की याद आई। सब ने बहुत ईमानदारी से काम किया है। जैसे आजादी के समय सबने लड़ाई लड़ी, वैसे ही हम अच्छी शिक्षा और स्कूल के लिए लड़ रहे हैं। अंग्रेजों की तानाशाही के बाद भी आजादी का सपना सच हुआ। वैसे ही एक दिन हर बच्चे को सही और अच्छी शिक्षा मिलेगी। उन्होंने आगे अपने पत्र में कहा, अंग्रेजों को भी अपनी सत्ता का बहुत घमंड था। अंग्रेज भी झूठे आरोप लगाकर लोगों को जेल में बंद करते थे। अंग्रेजों ने कई सालों तक गांधी को जेल में रखा। अंग्रेजों ने नेल्सन मंडेला को भी जेल में डाला। ये लोग मेरी प्रेरणा हैं और आप सब मेरी ताकत। विकसित देश होने के लिए अच्छी शिक्षा, स्कूल का होना जरूरी है। मुझे खुशी है अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली में शिक्षा क्रांति आई।

## पीएम मोदी के शासन में जो गलत काम करेगा, जेल जाएगा : शिवराज

**भोपाल ,5 अप्रैल ।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं के बयानों पर शुक्रवार को तंज कसा और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शासन है, जो गलत करेगा वह जेल जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने शुक्रवार को संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा, कांग्रेस और कांग्रेस के नेता बार बार ये रट लगा रहे हैं कि लोकतंत्र खतरे में है, संविधान खतरे में है। खतरे में लोकतंत्र नहीं है, खतरे में अगर कोई है तो वह कांग्रेस है। कांग्रेस गर्त में जा रही है।

कांग्रेस व विरोधी दलों द्वारा कई नेताओं के जेल जाने पर सरकार पर किए जा रहे हमलों का जवाब देते हुए चौहान ने कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा, मेरी उम्र थी 17 साल, मैं 11वीं में पढ़ता था, मुझे इमरजेंसी में जेल भेजा गया। स्वर्गीय इंदिरा गांधी की सरकार थी, संविधान को तार-तार किसने किया था, लोकतंत्र का गला किसने घोटा था? मासूम बच्चों को जेल में किसने भेजा था?

उन्होंने आगे कहा, आज एक बात साफ है। पहले यह धारणा रही होगी नेता कोई भी कितना बड़ा अपराध कर दे, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। लेकिन यह भारतीय जनता पार्टी का शासन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। अगर कोई गलत काम करेगा तो जेल जाएगा। कांग्रेस की हालत खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी हो गई है।

अभी हाल ही में राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, राहुल गांधी अजीब बयान दे रहे हैं। बीजेपी अगर जीती तो देश में आग लग जाएगी, क्या कांग्रेस देश में आग लगाना चाहती है। क्या सोनिया गांधी राहुल गांधी के बयान से सहमत हैं। जमीन पर कुछ बचा नहीं है इसलिए देश जल जाएगा, आग लग जाएगी।

कांग्रेस के सरकार के विरोध में दिए गए बयानों पर शिवराज ने कहा, इन्होंने हर अच्छे काम का विरोध किया। कश्मीर में धारा 370 हटेगी तो आग लग जाएगी।

भाजपा द्वारा चुनाव में अपने रिपोर्ट कार्ड के आधार पर जाने की बात करते हुए चौहान ने कहा, भारतीय जनता पार्टी अपने रिपोर्ट के आधार पर चुनाव में जा रही है। कांग्रेस ने तो कभी पेश ही नहीं किया। भाजपा ने मोदी के नेतृत्व में 10 साल में जिस ढंग से भारत का निर्माण किया है, एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध, और शक्तिशाली और विकसित भारत, हम उसे रिपोर्ट कार्ड और आगे के रोडमैप को लेकर मैदान में जाएंगे।

## गलत किया तो मिलेगा करारा जवाबः जयशंकर

**नई दिल्ली,5 अप्रैल.** भारत के इस रुख की पुष्टि करते हुए कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) भारत का अभिन्न अंग है, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की स्थिति नहीं है, बल्कि पूरे देश की स्थिति है। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान को लेकर मुख्य चिंता आतंकवाद को लेकर है और अगर कुछ भी अनियंत्रित हुआ तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। पीओजेके के मुद्दे पर, एक राष्ट्रीय स्थिति है न कि पार्टी की स्थिति। जयशंकर ने तिरुवनंतपुरम में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की संसद ने एकजुट रुख अपनाया है और देश के हर राजनीतिक दल ने उस रुख का समर्थन किया है। हम यह कभी स्वीकार नहीं करेंगे कि पीओजेके भारत का हिस्सा नहीं है।' , यह एक एकजुट रुख है, यह हमारा रुख बना हुआ है।



केंद्रीय मुद्दा जहां पाकिस्तान चिंतित है वह आतंकवाद है, और आतंकवाद के मुद्दे पर, हम एक पार्टी और सरकार के रूप में बहुत स्पष्ट हैं कि हम आतंकवाद को नजरअंदाज नहीं करेंगे और जब आतंकवाद होगा तो हम दूर नहीं देखेंगे। अगर कुछ होता है तो हम उससे निपटेंगे, हम जवाब देंगे और यही हमारा रिकॉर्ड रहा है। चीन के साथ संबंधों के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि संबंध चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन पुष्टि की कि भारत प्रतिस्पर्धी तरीके से प्रतिस्पर्धा करेगा। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ हमारे चुनौतीपूर्ण रिश्ते हैं। लेकिन, यह एक ऐसा देश है जो आश्वस्त है, जो प्रतिस्पर्धी तरीके से अपने हितों को आगे बढ़ाने और उनकी रक्षा करने में सक्षम है और हम प्रतिस्पर्धा करेंगे।

जयशंकर ने अपने पड़ोसियों के साथ भारत के संबंधों के बारे में किसी भी संदेह से इनकार किया, उन्होंने कहा कि भारत के अंदर और पड़ोस में ताकतें हो सकती हैं जो समस्याएं पैदा करना चाहती हैं। अगर हम पड़ोसियों के बारे में बात करते हैं, तो कृपया बांग्लादेश और श्रीलंका जाएं और लोगों से पूछें कि वे क्या सोचते हैं। उनके सबसे गहरे आर्थिक संकट के दौरान, कौन खड़ा रहा? नेपाल जाइए और उनसे पूछिए कि आपको टीके कहां मिलते हैं, यूक्रेन संकट होने पर आपको खाद और ईंधन किसने दिया। इसलिए, मैं इस बात से सहमत नहीं होऊंगा कि हमारा पड़ोस हमारे पक्ष में नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा कि पड़ोस में ताकतें और बलों के पीछे ताकतें हो सकती हैं जो समस्याएं पैदा करती हैं। भारत में ऐसे लोग हो सकते हैं जो इस समस्या को तूल देना पसंद करते हैं।

## एक नजर

### कंपनी में चोरी के आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 5 अप्रैल ।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र हथखोज की एक टेलीकाम कंपनी की दीवार में सैंध लगाकर लोहे का एंगल चोरी करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है लोहा चोरी करने के बाद दोनों आरोपित उसे बेचने के लिए तिरंगा चौक स्थित सुरेश पांडेय कबाड़ी के पास जा रहे थे इसी दौरान पुलिस को इसकी जानकारी मिली और पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया आरोपितों के पास से चोरी का लोहा और घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त किया गया है, जिसकी कुल कीमत 42 हजार रुपये आंकी गई है भिलाई - 3 टीआई पी डी चंद्रा ने बताया कि हथखोज स्थित टेलीकाम कंपनी के कर्मचारी टी पेरिका ने पुरानी भिलाई थाना में चोरी की शिकायत की थी। दो-तीन मार्च की दरम्यानी रात अज्ञात आरोपितों ने कंपनी की दीवार में छेद कर उसमें से लोहे का एंगल चोरी कर लिया था घटना की शिकायत के बाद एसीसीयू और भिलाई - 3 थाना की टीम ने आरोपितों की तलाश शुरू की। पुलिस ने दो लोगों के एक वाहन पर लोहे का एंगल लेकर तिरंगा चौक की तरफ जाते हुए पकड़ा पूछताछ में उन्होंने अपना नाम भुवाली शाह (58) निवासी मिलन चौक दुर्गा विद्यालय के पास कैंप-2 और नारद निषाद (54) निवासी एसीसी गेट के पास राजीव नगर छावनी बताया आरोपितों ने टेलीकाम कंपनी से लोहा चोरी करने की बात स्वीकार की साथ ही आरोपितों ने ये भी बताया कि वे लोग चोरी के लोहे के तिरंगा चौक में सुरेश पांडेय कबाड़ी के पास बेचने जा रहे थे इसके पहले ही पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

भिलाई मंत्रालय व अन्य विभागों में शासकीय नौकरी लगवाने का झांसा देकर ग्रामीण क्षेत्र के युवकों से ठगी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपित को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर कई युवाओं से करीब 71 लाख रुपये की ठगी की थी सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि ठग गिरोह के मुखिया दुर्वासा दास उर्फ अर्जुन मानिकपुरी (35) निवासी राधिका नगर को गिरफ्तार किया गया है आरोपित ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं से करीब 71 लाख रुपये की ठगी की थी पुलिस ने इसके पहले इसके दो साथियों को रायपुर से गिरफ्तार किया था लेकिन, अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपित दुर्वासा दास उर्फ अर्जुन मानिकपुरी फरार था।

### दो फरार वारंटी गिरफ्तार





**भिलाई, 5 अप्रैल ।** भिलाई लंबे समय से फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन ईगल के तहत पुलिस को दो सफलता मिली है छावनी थाना के 10 साल पुराने एक अपराध में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया वहीं महाराष्ट्र के तुमसर थाना के एक स्थाई वारंटी को पकड़कर तुमसर पुलिस को सौंपा गया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि आरोपित राजू उर्फ नेपाली के खिलाफ 10 साल पहले छावनी थाना में अपराध दर्ज किया गया था न्यायालय से जमानत मिलने के बाद से आरोपित फरार था और कोर्ट में पेशी पर नहीं जा रहा था। आरोपित के बारे में जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया वहीं एक आरोपित शुभम अशोक नंदी को गिरफ्तार कर तुमसर पुलिस को सौंपा गया है आरोपित के खिलाफ तुमसर थाना में चोरी का मामला दर्ज था न्यायालय से छूटने के बाद आरोपित वहां पर भी नहीं जा रहा था पुलिस ने आरोपित शुभम अशोक नंदी को गिरफ्तार कर तुमसर पुलिस को सौंपा ।

### नौकरी के नाम पर ठगने वाला पकड़ाया



**भिलाई, 5 अप्रैल ।** भिलाई मंत्रालय व अन्य विभागों में शासकीय नौकरी लगवाने का झांसा देकर ग्रामीण क्षेत्र के युवकों से ठगी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपित को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर कई युवाओं से करीब 71 लाख रुपये की ठगी की थी सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि ठग गिरोह के मुखिया दुर्वासा दास उर्फ अर्जुन मानिकपुरी (35) निवासी राधिका नगर को गिरफ्तार किया गया है आरोपित ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं से करीब 71 लाख रुपये की ठगी की थी पुलिस ने इसके पहले इसके दो साथियों को रायपुर से गिरफ्तार किया था लेकिन, अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपित दुर्वासा दास उर्फ अर्जुन मानिकपुरी फरार था।

## दुर्ग लोकसभा चुनाव

# भाजपा को मोदी मैजिक पर भरोसा तो जातीय फार्मूले के भरोसे है कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अप्रैल।** दुर्ग लोकसभा चुनाव के लिए बिसात बिछ चुकी है और भाजपा-कांग्रेस ने अपने मोहरे भी फिट कर दिए हैं। अब विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच विनिंग फैक्टर्स की तलाश की जा रही है और आंतरिक समीकरण सेट किये जा रहे हैं कि चुनाव को लेकर किस प्रकार की रूपरेखा खींची जाये। इन सबके बीच बीजेपी ने वोटों के ध्रुवीकरण के लिए अपने प्रयास तेज कर दिये हैं। दुर्ग निर्वाचन क्षेत्र से सीटिंग एमपी विजय बघेल पर बीजेपी फिर से दांव लगाया है। वहीं कांग्रेस ने नए चेहरे के रूप में राजेंद्र साहू को मैदान मारने के लिए चुनावी समर में भेजा है। दुर्ग लोकसभा में जातीय समीकरण साधने वाले प्रत्याशियों की जीत तय मानी जाती रही है इस लिहाज से देखें तो विजय बघेल और राजेंद्र साहू दोनों दो प्रमुख जातियों का रिप्रेजेंटेशन करते हैं, बघेल जहाँ कुर्मी जाति को बिलॉन्ग करते हैं वहीं राजेंद्र साहू, साहू समाज से आते हैं ; इसलिए अपने साथ ही एक दूसरे की जातियों को इम्प्रेस करना और साधना राजनीतिक दृष्टि से दोनों के लिए बेहद डिफिकल्ट होगा। अग्नि-परीक्षा विजय बघेल की भी है क्योंकि कुछ माह पूर्व ही हुए विधानसभा चुनाव में वे अपने गृह क्षेत्र पाटन विधानसभा में पार्टी की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और चुनाव







हार गए थे। इस लिहाज से उन पर दोहरी जिम्मेदारी होगी कि साबित करें कि पाटन के साथ-साथ लोकसभा की अन्य विधानसभा सीटों से जनता का विश्वास उनसे टूटा नहीं है। वैसे मोदी मैजिक ऐसा है कि माना जा रहा है कि बीजेपी के लिए यही जिताने वाला सबसे बड़ा कारक बनके उभरेगा। अब यह प्रत्याशी पर निर्भर है कि वह इसे कैसे भुनाता है। वैसे विजय बघेल का इतिहास देखें तो राजनीति में उनकी अपनी अलग स्टाइल है। वे सीधे आम लोगों से जुड़ते हैं। यही वजह है कि शुरुआत में स्थानीय निकाय के चुनाव में उन्होंने दोनों ही प्रमुख दलों के लाख प्रयासों के बाद भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत कर अपनी काबीलियत सिद्ध की थी। उनके पास सभी को साध लेने की कला है। चुनाव को लेकर उन्होंने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं और लगातार दौरे भी कर रहे हैं। दूसरी ओर देखें तो कांग्रेस ने राजेंद्र साहू पर जो दांव खेला है उसके नेपथ्य में साहू वोटों का पोलराइजेशन भी है क्योंकि साहू समाज को बीजेपी से काफी नजदीकी माना जाता है। दिवंगत सांसद ताराचंद साहू और पूर्व साडा उपाध्यक्ष रहे डॉ. मनराखन लाल साहू ने इसकी मजबूत नींव रखी थी। कांग्रेस चाहती है कि राजेंद्र साहू के बहाने वह बीजेपी के साहू वोट बैंक में सेंध मार दे। इसके लिए गांव-गांव में बैठकों का दौर भी शुरू हो गया। इसीलिये भारतीय जनता पार्टी फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। भाजपा के इनसाइडर्स बताते हैं कि पाटन विधानसभा चुनाव के ट्रेलर से सबक लेकर बीजेपी ने अपनी रणनीति में काफी बदलाव कर दिया है। जिसके तहत साहू समाज के प्रमुख लोगों को लामबंद किया जा रहा है। बताया जाता है कि मोदी मैजिक के साथ ही पार्टी जातीय समीकरण को भी फिट बैठाने के फार्मूले पर काम कर रही है। राजेंद्र साहू की दिक्कत यह है कि कांग्रेस के अनेक क्षेत्रीय नेता करप्शन के आरोपों से घिरे हैं और बीजेपी लगातार हमलावर बनी हुयी है। दूसरे, कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में असंतुष्ट दिखाई दे रहे हैं फिर फाइनेंसियल कंडीशन भी बहुत अच्छी नहीं है ऊपर से नेताओं की उठापटक भी अंदरखाने से अच्छे संकेत नहीं देती, ऐसे में वोटरों को साधना और पोलिंग बूथों तक लाकर मतदान करने तक बड़ी चुनौती होगी।

### नवविवाहिता वधु, वरिष्ठ नागरिक एवं युवाओं का किया गया सम्मान



भिलाई, 5 अप्रैल। लोकसभा निर्वाचन 2024 में लोगों के शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने तथा मतदान करवाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत भिलाई नगर निगम सीमा क्षेत्र के विधानसभा क्रमांक 65 भिलाई नगर के 16 स्थानों पर नवविवाहिता वधु, युवा मतदाता एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। विधानसभा 65 भिलाई नगर के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं डिप्टी कलेक्टर योगिता देवांगन, भिलाई नगर के तहसीलदार पंचभाई गुरुदत्त ने वरिष्ठ नागरिकों, नवविवाहिता वधू का तिलक लगाकर सम्मान किया एवं आने वाले लोकसभा चुनाव में स्वयं के मतदान के साथ लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया।

### राम कथा आयोजनों से बच्चों को अच्छे संस्कार मिलते हैं : अशवंत तुषार साहू



**महासमुंद।** ग्राम लभरा कला में आयोजित राम पाठ कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल होकर यह आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर उन्होंने भगवान राम और माता जानकी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद उनके ननिहाल की धरती को मिले, मेरी यही प्रार्थना है। प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से क्षेत्र में समृद्ध और खुशहाल हो।हुलास गिरी गोस्वामी व आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा चंदन लगाकर स्वागत कियातुषार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा गांव में राम कथा का आयोजन होने से पूरा गांव राममय भक्तिमय हो गया है ऐसा आयोजनों से बच्चों में अच्छे संस्कार का निर्माण होता है राम कथा सुनने से हम सबके जीवन में सुख समृद्धि शांति और ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था विश्वास पैदा करते हैं । अत्यधिक संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे ।

## रमजान महीने के आखिरी हिस्से में मस्जिदों में इबादत कर रहे मोतकिफ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अप्रैल।** रमजान मुबारक महीना का आखिरी अशरा (दस दिन) जारी है, जो 21वी शब से शुरू हो जाता है। इस दौरान मस्जिदों में एतकाफ पर रोजेदार बैठते हैं। शहर की तमाम मस्जिदों में अमूमन 2 या 2 से ज्यादा लोग एतकाफ पर बैठते हैं, जो शहर में अमन व सलामती के लिए दुआएं करते हैं और मस्जिद में रह कर ही इबादत करते हैं। इस्लाम के जानकार एवं समाजसेवी न्याज अहमद ने रमजान की पाक रात के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि रमजान के पवित्र महीने की खास रात शब-ए-कद्र है। रमजान का तीसरा अशरा ढलने के बाद ये रात आती है। तीसरा अशरा 21 रमजान से 30 रमजान तक होता है।



रमजान के तीसरे अशरे में पांच पाक रातों 21, 23, 25, 27, 29 में शब-ए-कद्र को तलाश किया जाता है। इस पाक रात को ही अल्लाह ने कुरआन को नाजिल किया था जो कि 23 सालों तक उतरता रहा । इस रात को अल्लाह से की गई हर दुआ कबूल होती है। इन पाक रातों में जागकर अल्लाह पाक के बताये सन्मार्ग के रास्ते पर चलकर शांति और अमन की दुआएं करते हैं और ईद के दिन ईदगाह में एकत्र हो विशेष नमाज पढ़कर उस ईश्वर के प्रति शुक्र अदा करते हैं कि जिसकी रहमत से इस संसार का संचालन हो रहा है। इस बारे में शेखुल हदीस हज़रत मौलाना जकरिया रहमतुल्लाहि ने अपने रिसाले फजाइले रमजान में एतेकाफ की हदीसो को जमा करके उनके फायदे लिखे हैं। दारुल कजा के मुफ्ती मो सोहेल ने बताया कि इसके कुछ आदाब है। एतिकाफ में बैठने वाले को यह ख्याल रखना है कि मस्जिद के एक हिस्से या मस्जिद के हद से बाहर ना निकले। नमाज़ के समय पर जमात से नमाज पढ़े। दीन के अलावा दुनियावी बातें ना करें। मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप 2 मदरसा जामिया अरबिया भिलाई के इमाम हाफिज कासिम और मस्जिद आयशा हाउसिंग बोर्ड के इमाम मौलाना फैसल अमीन ने बताया कि औरतें भी रमजान माह में आखिरी अशरा में अपने घरों में ऐतेकाफ कर सकती हैं शर्त यह घर पर जहां नमाज़ पढ़ने की जगह हो वहां बैठकर या घर के किसी कोने पर बैठे और इबादत में मशगूल रहे।

#### आज अलविदा जुमा

इस साल रमजान महीने का आखिरी जुमा शुक्रवार 5 अप्रैल को है। इसे देखते हुए शहर की तमाम मस्जिदों में खास तैयारियां की गई हैं। अलविदा जुमा में नमाज पढ़ने और माहे रमजान को विदाई देने हजारों की तादाद में शहर की मस्जिदों में लोग जमा होंगे। ऐसे में शहर की तमाम मस्जिदों में नमाजियों की बढ़ती तादाद और गर्मी के मौसम को देखते हुए तैयारियां की जा रही हैं।

### नव वधू, नवीन एवं वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान किया गया

**दुर्ग, 5 अप्रैल ।** मतदाता जागरूकता हेतु विधानसभा भिलाईनगर के समस्त मतदान केंद्रों में 4 एवं 5 अप्रैल 2024 को नवविवाहिता वधू, नवीन मतदाता एवं वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ, सुपरवाइजर, सेक्टर ऑफिसर उपस्थित रहे। एआरओ अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन एवं एईआरओ तहसीलदार गुरूदत्त पंचभाये भी सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 05 अप्रैल को मिलन संघ शिशु महल सेक्टर 1, आईटीआई भिलाई, पंचशील उच्चतर माध्यमिक शाला सेक्टर 11 खुर्सीपार, स्वामी आत्मानंद शासकी पूर्व माध्यमिक जोन 1, शासकीय प्राथमिक शाला दुर्गा मंदिर खुर्सीपार जोन 3 और पं. जवाहर लाल नेहरू उच्चतर माध्यमिक शाला न्यू खुर्सीपार में आयोजित किया जाएगा।

## तीन दिवसीय स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 7 से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अप्रैल।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (म.प्र-छ.ग.) भोपाल द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर 7, 8 एवं 9 अप्रैल को तीन दिवसीय स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया जाना है। इस हेतु हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के चार महाविद्यालय में प्रमुख रूप से इंदिरा गांधी शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर को चयनित किया गया है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूपरेखा के लिए महाविद्यालय में विशेष रूप से बैठक बुलाकर प्राचार्य डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम ने सभी विभागाध्यक्षों और एन.एस.एस के कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार ठाकुर एवं डॉ श्रीमती चांदनी मरकाम तथा सक्रिय स्वयंसेवक हिमांशु कुर्वे, तन्नुप्रिया साव, दुर्गेश्वरी, योगेश कुमार साहू, छत्रपाल साहू, नेहा देवांगन को तैयारी करने के लिए विचार विमर्श कर सफल आयोजन हेतु निर्देशित किया है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस उद्घाटन मे विशेष अतिथि के रूप में दुर्ग विश्वविद्यालय के कुलपति भूपेंद्र कुलदीप व डॉ बी एल भारती प्रमुख वक्ता (नोडल अधिकारी सेवानिवृत्ति प्राध्यापक साइंस कॉलेज दुर्ग), कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आरपी अग्रवाल, आदि अतिथि तथा क्षेत्रीय निदेशालय के प्रमुख अधिकारी भी कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहेंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर स्वच्छता एवं मतदाता संबंधी जानकारी एवं लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका पर भाषण, सेमिनार का आयोजन होगा।





द्वितीय दिवस पर शिक्षण संस्थान परिसर की सफाई, शहर के शहीदों के प्रतिमा की सफाई, रैली नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता और मतदान का संदेश देने हेतु रैली का आयोजन, मतदाता जागरूकता में निबंध लेखन, वाद-विवाद, क्विज प्रश्नोत्तरी आदि गतिविधियां तथा स्वच्छता संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। तृतीय दिवस 9 अप्रैल को मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता पोस्टर-बैनर, स्लोगन एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचार-प्रसार संस्थान द्वारा समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम दुर्ग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुणा पलटा, कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप व एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ.आरपी अग्रवाल व जिला संगठक डॉ.विनय शर्मा आदि अतिथि की उपस्थिति में होगी।

## राजनैतिक दलों के सभा, जुलूस एवं रैली की अनुमति के लिए अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग, 4 अप्रैल ।** पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराये जाने हेतु राजनैतिक दलों के सभा/जुलूस/रैली के लिए अनुमति प्रदाय करने के लिए अधिकारियों को विधानसभावार नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया है। मिली जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन के नोडल अधिकारी श्री आशीष बंछोर अनु. अधिकारी पुलिस पाटन एवं पर्यवेक्षण अधिकारी श्री वेदव्रत सिरमौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण होंगे। विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण के नोडल अधिकारी श्री विनोद कुमार मिंज उप पुलिस अधीक्षक, अजाक एवं पर्यवेक्षण अधिकारी श्री वेदव्रत सिरमौर अतिरिक्त पुलिस अधिकारी ग्रामीण (थाना उतई, अण्डा) और श्री अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग (थाना दुर्ग, पद्मनाभपुर, पुलगांव) होंगे। विधानसभा क्षेत्र 64 दुर्ग शहर के नोडल अधिकारी श्री चिराग जैन नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग एवं पर्यवेक्षण अधिकारी श्री अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग को, विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर के नोडल अधिकारी श्री सत्यप्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर एवं पर्यवेक्षण अधिकारी श्री सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर होंगे। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 66 वैशाली नगर के नोडल अधिकारी श्री हरीश कुमार पाटिल नगर पुलिस अधीक्षक छावनी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी श्री सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर को, विधानसभा क्षेत्र 67 अहिवारा, 68 साजा (आंशिक) और 69 बेमेतरा अधिकारी वेदव्रत सिरमौर अतिरिक्त पुलिस अधिकारी ग्रामीण होंगे।

## वैशालीनगर कॉलेज में सेव द बर्ड्स प्रदर्शनी का आयोजन



भिलाई, 5 अप्रैल। इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर के अंग्रेजी विभाग द्वारा सेव द बर्ड्स अभियान एक प्रदर्शनी के माध्यम से आयोजित किया गया। अंग्रेजी स्नातकोत्तर विभाग के छात्रों ने अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करके पक्षियों के लिए प्रोजेक्ट, चार्ट, घोंसला, मॉडल, पानी के बर्तन बनाए। उन्होंने विलुप्त हो रहे पक्षियों और उनके विलुप्त होने के कारणों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने नारे भी प्रदर्शित किए ताकि उन्हें बचाने के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके। पक्षी प्रदर्शनी का उद्घाटन कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. अलका मेश्राम ने किया। उन्होंने विभाग के संकाय सदस्यों और छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना की । इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की प्रमुख डॉ. मेरीली रॉय, डॉ. रबिंदर छाबड़ा सक्रिय रहे। विभाग के संकाय सदस्य और अतिथि व्याख्याता जयश्री रेड्डी ,डॉ. आरती.दीवान (विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान) और डॉ. सुशीला शर्मा ( विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र) विभाग भी उपस्थित रहे।

### स्कूल को देना होगा 2 माह का वेतन और अनुभव प्रमाणपत्र

**भिलाई।** 9 वर्ष से एक निजी स्कूलों में कार्यरत शिक्षिका को स्कूल प्रबंधन ने बिना नोटिस दिए अचानक नौकरी से निकाल दिया, इससे महिला शिक्षिका को मानसिक आघात हुआ।

असंगठित क्षेत्र में बिना किसी पूर्व सूचना के अपमानित कर काम से निकाले जाने के इस मुद्दे पर छत्तीसगढ़ महिला आयोग ने सख्त ऐतराज जताया और पीड़ित महिला को इंसाफ दिलाया है।

महिला आयोग की पहल पर अब स्कूल प्रबंधन प्रभावित शिक्षिका को 9 साल का अनुभव प्रमाण पत्र और दो माह का वेतन देने राजी हुआ है।मामला इस्पात नगरी भिलाई के प्रतिष्ठित टावरी परिवार का है।

## नशीली दवा तस्करी के आरोप में 3 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 अप्रैल।** भिलाई एसीसीयू की टीम ने प्रतिबंधित नशीली दवाइयों के अंतरराज्यीय तस्करी की एक चेन को ध्वस्त करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मध्यप्रदेश के जबलपुर से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जो नशीली दवाइयों की तस्करी करते थे। आरोपितों के पास से एक लाख 39 हजार 800 अल्प्राजोलम, आठ हजार 520 ट्रामाडोल टैबलेट और 1450 नग बूफ्रेनारफीनक इंजेक्शन जब्त किया गया है। जिसकी कुल कीमत तीन लाख 86 हजार 50 रुपये आकी गई है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है बता दें कि बीते 23 मार्च को एक गोपनीय सूचना के आधार पर एसीसीयू प्रभारी कपिल देव पांडेय व उनकी टीम ने दुर्ग के जीवन रेखा परिसर स्थित राकेश मेडिकल में छापामार कार्रवाई कर वहां से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाइयां जब्त की थी पुलिस ने मेडिकल एजेंसी संचालक गोवर्धन प्रसाद बंछोर (47) निवासी रिसाली और दो कोचिये आशीष उर्फ सोना राजपूत (22) निवासी शंकर नगर दुर्ग और रुस्तम नेताम (25) निवासी



बघेरा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में मेडिकल एजेंसी संचालक गोवर्धन प्रसाद बंछोर ने पुलिस को जानकारी दी थी कि वो रायपुर निवासी अनिल माधवानी के माध्यम से नशीली दवाइयां मंगवाता था इस आधार पर पुलिस ने रायपुर से अनिल माधवानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने जानकारी दी वो जबलपुर मध्यप्रदेश के राजकुमार गंगवानी से नशीली दवाइयों की खेप मंगवाकर गोवर्धन प्रसाद बंछोर को देता था उसने ये भी दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि पूरी दवाइयां बस के माध्यम से डाक पार्सल के रूप में मंगवाई जाती थी यह जानकारी मिलने पर पुलिस की एक टीम को जबलपुर खाना किया गया पुलिस ने द्वारिका नगर जबलपुर स्थित राधे मेडिकल एजेंसी में छापामार कार्रवाई की एजेंसी के संचालक राजकुमार गंगवानी को हिरासत में लिया गया और उसकी निशानदेही पर भारी मात्रा में नशीली दवाइयां जब्त की गई आरोपित राजकुमार गंगवानी ने अपने दो साथी राजेश सोनी और लखन ओचानी के साथ मिलकर नशीली दवाइयों का कारोबार करने का बात स्वीकार की पुलिस ने राजेश सोनी और लखन ओचानी के पास से भी नशीली दवाइयों की खेप जब्त की पुलिस ने तीनों आरोपित राजकुमार गंगवानी (54 ) निवासी जाग्रीवी नगर अनखेया जबलपुर, लखन ओचान (35) निवासी लालमाटी झम्मनदास चौक जबलपुर और राजेश सोनी (38) निवासी आइटीआइ प्रकेशर कालोनी जबलपुर को गिरफ्तार किया।

## कलेक्टर ने दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग का किया निरीक्षण

**दुर्ग, 5 अप्रैल।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अंजोरा स्थित पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र एवं विश्वविद्यालय से संबंधित समस्त गतिविधियों एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला पचांयत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अश्वनी देवांगन भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विश्वविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों की समीक्षा एवं निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा दुर्ग में डेयरी, बकरी, मुर्गी पालन इकाई, विभिन्न विभागों वेटनरी पब्लिक हेल्थ एवं एन.सी.सी. रेजीमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कुलपति श्री आरआरबी सिंह ने कॉलेज के बारे में बताया कि यहां जिला स्तर पर हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है, अभी इसकी क्षमता बढ़ाकर राज्य स्तर पर अपग्रेड किया जा रहा है। उन्होंने बताया यहां छात्र-छात्राएं परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत कुछ ने अपना निजी क्लीनिक प्रारंभ किया और डॉक्टर के रूप में प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। कुछ छात्र-छात्राएं विभिन्न मेडिकल कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं। कुछ ने पशु चिकित्सा की प्रशासनिक एवं अकादमिक सेवा को अपना भविष्य चुना है कलेक्टर सुश्री चौधरी ने विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा बतायी गई समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधोसंरचना की प्रमुख समस्याओं जैसे बाउण्ड्रीवॉल, सड़क तथा अन्य मरम्मत कार्यो को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने पशु वीर्य अनुसंधान केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पाले जा रहे अलग-अलग प्रजाति के सांडो का अवलोकन किया। डॉक्टर ने बताया कि यहां पर जर्मनी के सांडों की प्रजाति भी रखी गई है। उन्होंने ओसामाना बादी बकरी पालन केंद्र, घुड़सवारी स्थल, अंजोरी एवं अन्य नस्लों की मुर्गी/अण्डा यूनिट, बटेर पालन आदि गतिविधियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने महाविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही महाविद्यालय से पशुधन प्रक्षेत्र हेतु पक्की सड़क

## एक नजर

### कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग 6 अप्रैल को मगरलोड मंडल के गांवों में करेंगे जनसंपर्क



**नगरी 5 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी कांकेर लोकसभा चुनाव क्षेत्र के लिए घोषित प्रत्याशी सम्मानीय भोजराज नाग जी का जनसम्पर्क आभियान भाजपा मंडल मगरलोड में 6 अप्रैल को ग्राम कमरौद 9 बजे, राकाडीह 10बजे, नवागांव 11 बजे कपालफोडी 12बजे,अमलीडीह 1 बजे बोरसी 2बजे आगमन होने जा रहा है,जहां पर उनका अभिनन्दन किया जाएगा। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क करेंगे ,इस अवसर पर विशेष रूप से जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, राष्ट्रीय मंत्री भाजपा किसान मोर्चा एवं पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम,विधान सभा सह प्रभारी नरेश सिन्हा जी मंडल प्रभारी राजेन्द गोलछा जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।इस हेतु आप सभी पदाधिकारी गण,जनप्रतिनिधि गण एवम जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य एवम सादर प्रार्थनीय है ।आप सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति की अपील भाजपा मंडल मगरलोड अध्यक्षविजय यदु महामंत्री रामायण सिन्हा,यवन साहू ने किया है।

### प्रसिद्ध मूर्तिकार रामकृष्ण पांडुरंग कालेश्वर नहीं रहे

**राजनंदगांव 5 अप्रैल ।** शहर के जाने-माने मूर्तिकार रामकृष्ण पांडुरंग कालेश्वर का आज देहावसान हो गया .मृदुभाषी एवं व्यवहार कुशल 80 वर्षीय श्री पांडुरंग कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे .वे इस उम्र में भी मिट्टी की सुंदर-सुंदर मूर्तियां अपने परिजनों के साथ मिलकर गढ़ते थे. शहर सहित अंचल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश उत्सव ,दुर्गा -काली -सरस्वती उत्सव लक्ष्मी पूजन गणगौर आदि पर्व पर विराजित कितनी ही मूर्तियां उनके हाथों की बनाई होती थी. स्वर्गीय श्री पांडुरंग अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र कार्तिक एवं राहुल (पांडुरंग न्यूज़ एजेंसी) तथा चार पुत्री सहित नाती- पोतों से भरापूरा छोड़ गए हैं .उनके निधन की खबर से शहर में शोक व्याप्त हो गया है. उनकी अंतिम यात्रा 5 अप्रैल की सुबह 11-00 बजे उनके भरकापारा काली माई मंदिर के पास स्थित निवास से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।



### 23 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र किया जमा

**राजनांदगांव 5 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए 23 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। जिसमें बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी श्री देवलाल सिन्हा (सोनवंशी), इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री भूपेश बघेल, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री संतोष पाण्डेय, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी श्री नरेश मोटघरे, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी श्री नारद प्रसाद निषाद, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी श्री रमेश राजपूत, न्याय धर्म सभा के अभ्यर्थी श्री रामफल पाटिल, हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी ललिता कंवर, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी श्री लाखन सिंह टंडन, लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी श्री श्रीकान्त कासेर तथा निर्दलीय अभ्यर्थी श्री अजय पाली, श्री गजेन्द्र साहू, त्रिवेणी पडोती, श्री दाऊ सिंह चौहान, श्री बसंत कुमार मेश्राम, श्री भुवन साहू, श्री महेन्द्र कुमार साहू, श्री रमेश यादव, श्री रेखचंद मण्डले, श्री विशेष धमगाये, श्री सच्चिदानंद कौशिक, श्री एएच सिद्दीकी, श्री सुखदेव सिन्हा शामिल हैं। आज 11 अभ्यर्थियों ने 13 नाम निर्देशन पत्र जमा किए। कुल 244 नाम निर्देशन पत्र लिए गए। नामांकन पत्रों की संवीक्षा शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे से की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक है। मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगी। पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से होगी। गुरूवार 6 जून 2024 के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा।

### आयुक्त मोहारा व मोहड में चल रहे विकास कार्य का निरीक्षण किया

**राजनांदगांव 4 अप्रैल।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज वार्ड नं. 47 मोहारा एवं वार्ड नं. 49 मोहड में प्रातः भ्रमण कर अधिकारियों के साथ दोनो वार्डो में चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था देखे। उन्होंने बंद निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराने अधिकारियो को निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता आज प्रातः मोहारा एवं मोहड में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर मोहारा एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण प्रतिदिन करने, खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश सेन्टर प्रभारी को देते हुये कहा कि खाद विक्रय के लिये कृषकों एवं फार्म हाउस वालों से सम्पर्क कर खाद विक्रय करे। उन्होंने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा से कहा कि गर्मी में संक्रामक बीमारी को ध्यान में रखते हुये साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जावे, नाली नालो की नियमित सफाई करावे, समय समय पर दवा का छिडकाव करे, लोगों को साफ सफाई रखने, स्वच्छता अपनाने समझाईस देवे। विकास कार्य निरीक्षण के दौरान मोहारा मेला स्थल में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेकर स्वागत द्वार, मंच, एप्रोज रोड, शौचालय निर्माण आदि के बंद कार्य अतिशीघ्र चालू कराने प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव को निर्देशित किये। इसी प्रकार मुक्तिधाम उन्नयन, मोहड में सामुदायिक भवन एवं नाला निर्माण कार्य का जायजा लेकर काम में तेजी लाने, पानी तराई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि होली के समय से बंद कार्य जल्द प्रारंभ करावे, कार्य प्रारंभ नही करने पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करे।

# कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ी में दिलाई मतदाता शपथ

**चुनाव का पर्व देश का गर्व, राजनांदगांव की है पहचान खेले हॉकी करें मतदान के नारों से मतदान के लिए किया गया आव्हान**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 5 अप्रैल।** लोकतंत्र के पर्व में हर एक वोट जरूरी होता है... यह अनुगूंज हर घर तक पहुंच सके इसी संदेश के साथ आज कलेक्टोरेट स्थित स्वीप गार्डन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कारवां निकला। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन, पुलिस प्रेक्षक श्री योगेन्द्र सिंह एवं व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित स्वीप गार्डन का अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ी में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन, पुलिस प्रेक्षक श्री योगेन्द्र सिंह एवं व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग एवं जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वीप गार्डन में मैं मतदान अवश्य करूंगा..... बोर्ड में हस्ताक्षर कर जनसामान्य से मतदान करने की अपील की। कलेक्टर श्री अग्रवाल एवं सभी ने आकर्षक सेल्फी जोन में सेल्फी लेकर 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर अपने मतदाधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक ने स्वीप फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्वीप गार्डन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत अभी तक की गई विभिन्न गतिविधियों को डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से फोटो प्रदर्शनी में दिखाया गया। फोटो प्रदर्शनी में स्वीप संगोष्ठी, मेहंदी, रंगोली, खेल-कूद जैसे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश को प्रदर्शित किया गया।

कलेक्टोरेट परिसर स्थित स्वीप गार्डन में जनसामान्य को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदान के उद्देश्य, महत्व, लोकतंत्र के संबंध में पूरी जानकारी प्रदर्शित की गई है। इसके साथ ही स्वीप गार्डन में विभिन्न आकर्षक सेल्फी जोन भी बनाया गया है। सेल्फी जोन में कलेक्टोरेट सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सेल्फी लेकर मतदाता जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में हॉकी का गोल कीपर एवं वन्य जीव को प्रदर्शित करते हुए वन विभाग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आकर्षक सेल्फी जोन बनाया गया। स्वीप गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा चुनाव पर्व देश का गर्व, राजनांदगांव की है पहचान खेले हॉकी और करें मतदान, मेरा वोट मेरा अधिकार, मैं मतदान अवश्य करूंगा आप भी स्वीप नारों से जिले में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जनसामान्य से आव्हान किया गया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत पूरे जिले में कार्यक्रम लगातार आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर ऊर्जा एवं उत्साह से नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी स्वीप गार्डन में मैं मतदान अवश्य करूंगा...... बोर्ड में हस्ताक्षर कर जनसामान्य से मतदान करने की अपील की।

# डोंगरगांव विदेशी मदिरा दुकान में लोग गरम बीयर पीने को मजबूर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगांव 5 अप्रैल।** नगर से लगे करियाटोला ,मोहड़ शराब भट्टी मे इन दिनों सुविधाओं का अभाव देखा जा रहा है,जिले के सबसे बड़ी अंग्रेजी शराब दुकान जहां से शासन प्रशासन को लाखों की राजस्व की प्राप्ति होती है ,वहां अब शराब प्रेमियों को कड़ी धूप मे खड़े होकर शराब लेना पड़ रहा है, ना ही धूप से से बचने के लिए छांव की व्यवस्था है ,और ना ही पेय जल की व्यवस्था। क्या सरकार का मकसद केवल पैसा कमाना ही रह गया है जनता को सुविधा देना उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं क्युकी शराब प्रेमी हर साल बढ़े हुए रेट में शराब लेने के लिए बाध्य है लेकिन उनको सुविधा के नाम पे क्या मिलता है नील बटे सन्नाटा

### विदेशी मदिरा दुकान मे नहीं मिल रही ठंडी बीयर

जानकारी के मुताबिक फ्रीजर खराब होने की वजह से लोगों को ठंडी बीयर भी नशीब नही हो रही है ,इस कारण से लोगों में भारी नाराजगी भी देखी जा रही है, और ये नाराजगी वो भट्टी में काम करने वाले कर्मचारियों पे रोज उतार रहे है पहले अंग्रेजी भट्टी में तीन फ्रीजर थे जिसमे दो कबसे खराब होकर पीछे गोदाम में धूल खा रहे हैं जिसकी ना कोई मरम्मत करवाई गई और ना कोई खबर ली जा रही है, सालों से कंडम फ्रीजर की वजह से बीयर ठंडी नही हो पा रही। साथ ही भट्टी कर्मियों के द्वारा इसकी सूचना कई बार देने के बावजूद भी कोई व्यवस्था अभी तक विभाग के द्वारा नही की जा सकी है, अभी हाल ही में सरकार के द्वारा नई आबकारी नीति के तहत देशी व विदेशी मदिरा के रेट में इजाफा किया गया है पर शराब प्रेमियों के लिए विभागीय तौर पर क्या सुविधाएं मुहैय्या कराई गई है यह भी सोचनीय विषय है लाखों का राजस्व देने वाली इस विभाग के द्वारा क्या शराब प्रेमियों के लिए सुविधा उपलब्ध कराना शासन प्रशासन की जिम्मेदारी नही बनती क्या ये एक अहम सवाल है। जबकि बीयर की कीमतों में इस वर्ष इजाफा किया गया है।मौजूदा वक्त में छत्तीसगढ़ में कई शराब दुकानों पर रेफ्रिजरेटर की सुविधा एकात फ्रीजर के भरोसे है. इसी वजह का शिकार डोंगरगांव भट्टी भी है ,इस वजह से दुकानों पर 'चिल्ड बीयर' नहीं मिल पा रही है।

**विश्व स्ट्रे पशु दिवस के मौके पर**

# पशु प्रेमियों ने नुक्कड़ नाटक से शहर के लोगों को दया और सह-अस्तित्व का संदेश दिया




**रायपुर 5 अप्रैल।** नगर निगम के साथ एक ज्ञानवर्धक और हृदयस्पर्शी सहयोगात्मक प्रयास मेंए शहर के पशु प्रेमियों ने मैरीड ड्राइव में श्हमारी सड़केंए उनके घरश् नामक एक मनोरंजक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से करुणा और सह.अस्तित्व का संदेश दियाए जिसमें आम जनता से सामुदायिक जानवरों के प्रति दया को बढ़ावा देने का आग्रह किया गया। जो अपने अस्तित्व और खुशहाली के लिए इंसानो पर निर्भर हैं।

इस आयोजन ने जानवरों की रक्षा करने वाले विभिन्न भारतीय कानूनों के बारे में जागरूकता बढ़ाई और साथ ही रायपुर नगर निगम के प्रभावी पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम पर प्रकाश डालाए जहां सामुदायिक कुत्तों कीआपरेशन द्वारा नसबंदीकीजाती हैए रेबीज के खिलाफटीका लगाया जाता है और फ्रि पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) 2023नियमों के अनुपालन में उनके क्षेत्र में लौटायाजाता है। चूंकि उनके क्षेत्र खाली नहीं छोड़े जातेए इसलिए नए कुत्ते प्रवेश नहीं करतेहै। संभोग और प्रजनन भी बंद हो जाता है। संभोग न करने या क्षेत्रोंके लिए कुत्तों की लड़ाई कम हो जाती है और मनुष्यों के प्रति कोई भी आक्रामकता भी ख़तम हो जाती है। दुर्भाग्य से आवारा जानवर इंसानों की तरह अपने प्रजनन को नियंत्रित नहीं कर सकते हैं और इसलिए हम लोगों को नगरपालिका हेल्पलाइन 1100 पर संपर्क करके अपने समुदाय के जानवरों की नसबंदी और टीकाकरण करवाकर उनकी मदद करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। पशु जन्म नियंत्रण कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने और संघर्ष को कम करने का एकमात्र सिद्ध वैज्ञानिक तरीका है। और इस प्रकार अब इसे सरकारी सलाहकार निकाय भारतीय पशु कल्याण बोर्ड द्वारा भी अनुशंसित किया गया है और यह पशु जन्म नियंत्रण(कुत्ते) नियमए 2023 के तहत नगर पालिकाओं के लिए आवश्यक है।

एक्टिविस्ट कस्तूरी बलाल कहते हैंए ष्कुत्ते मनुष्यो द्वारापालतू बनायेपहले जानवर हैं, आर्कियोलोजीकल साक्ष्य बताते हैं कि उन्हें 30ए000 साल पहले पालतू बनाया गया था और तब से वे इस ग्रह पर हमारे साथी और दोस्त रहे हैं, हालांकि हमने देखा है किआज कल विशेषकर शहरी बस्तियों में सभी सामुदायिक पशुओं के प्रति नफ़रत और असनियाताबढ़ गयीहैजो म ानवीय अहंकार और वर्चस्व को दर्शाता है। भारत अहिंसा की भूमि हैए एक प्राचीन भारतीय अवधारणा जो हिंदू धर्मए जैन धर्म और बौद्ध धर्म के केंद्र में हैए संस्कृत वाक्यांश ष्वसुधैव कुटुंबकमष् का अर्थ है कि दुनिया एक परिवार है और हमें सभी जीवित प्राणियों के प्रति अपनी चिंता और विचार सहज रखनाचाहिए।श्ए एक्टिविस्ट आनंदिता दत्ता कहती हैंए श्यह ग्रह जितना हमारा है उतना ही उनका भी है और इसलिए एक मात्र समाधान सह.अस्तित्व में है। कुत्तोंध्बिल्लियों को उनके स्थान सेएक अलग क्षेत्र में विस्थापित करनापशुक्रूरता निवारण की धारा 11(1) का उल्लंघन है। इसके अतिरिक्तए कुत्तों पर छड़ी उठाकर उन्हें डराना या छड़ी लेकर उनके पीछे दौड़नाए उन पर पत्थर फेंकना पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11;1द्धके अंतरगत क्रूरता में परिभाषित है।

### साइकिल रैली के जरिए दिया गया मतदाता जागरूकता का संदेश

**धमतरी 5 अप्रैल।** लोकसभा के मद्देनजर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने कलेक्टोरेट परिसर से सायकल रैली का आयोजन किया गया। रैली में जिले के अधिकारी-कर्मचारी, महाविद्यालीयन छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक शामिल हुए और युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल और नगरनिगम आयुक्त विनय पोयाम ने सायकल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्टोरेट से शुरू होकर गोकुलपुर चौक, विंध्यवासिनी मंदिर, सदर बाजार होते हुए घड़ी चौक पहुंची। इस अवसर पर गोल बजार में उपस्थित सब्जी विक्रेताओं और घड़ी चौक में काम की तलाश कर रहे मजदूर भी स्व प्रेरणा से इस रैली में शामिल हुए और काम से पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने कहा कि सायकल रैली का उद्देश्य मतदाता जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाकर मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करना है।

## समाचार संक्षेप

### गणेशोत्सव की तरह मनाया जाएगा चेट्रीचंड्र महोत्सव घर घर विराजेंगे भगवान झूलेलाल



**रायपुर 5 अप्रैल।** पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा के नेतृत्व में मूर्तियों का वितरण किया गया। पंचायत के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा ने बताया की 5 दिनो तक भगवान झूलेलाल की मूर्ति की स्थापना समाजजनो द्वारा घर घर में की जाएगी। विधि विधान से पूजा -अर्चना के बाद चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन विसर्जन किया जाता है । यह कार्यक्रम गुरु श्री अनंतपुरी गोस्वामी के सानिध्य से किया जा रहा है। विशाल कुकरेजा ने बताया की चेट्रीचंड्र के उपलक्ष में 10अप्रैल की दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया है।13अप्रैल शनिवार को सिंधी गानो के आरकेष्ट्रा का आयोजन की गया है।मूर्ति वितरण में मुख्य रूप से जी.एस गेहानी,राजकुमार भाटिया,अमरलाल जादवानी, सुनील बत्रा,अमित नागदेव,कपिल गेहानी,योगेश भाटिया, राकेश माटा,राकेश कुकरेजा,दीपा मुलचंदानी, सीमा कुकरेजा,मुस्कान मंगलानी,रिया डेंगवानी,विनय तीर्थानी,यश नागवानी,चिराग जयसिंघानी,पुष्कर बजाज आदि उपस्थित थे।

### हार के भय से बौखलाई भाजपा: राहुल तिवारी



**छुरिया 5 अप्रैल।** निर्वाचन कार्य में निगरानी के लिए जुटी उड़नदस्ता की छुरिया में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन के निवास स्थान पर की गई कार्रवाई पर प्रवक्ता राहुल तिवारी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि ङ्क घर में बैठे कांग्रेसियों के खिलाफ झूठी और बेबुनियाद कार्रवाई किया जाना षड़यंत्र का हिस्सा है। मालूम पड़ता है कि, भाजपा लोकसभा चुनाव में हार के भय से बौखलाई हुई है और इसके चलते ही निर्वाचन में लगे प्रशासनिक मशीनरी का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने बताया कि गुरुवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे तहसीलदार छुरिया विजय कोठारी एवं मुकेश पड़वार और पुलिस की टीम सहित कैमरामैन अचानक ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन के निवास पहुंचे थे। यहां चल रही अनौपचारिक बातचीत को उड़नदस्ता ने राजनीतिक बैठक बताते हुए इसके लिए अनुमति न लिए जाने का आरोप लगाया है। उड़नदस्ता की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए तिवारी ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के निवास में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता चुनाव की रणनीति बनाते हुए बैठे थे और घर में उड़नदस्ता का टीम पहुंचकर परमिशन की बात करना और पंचनामा बनाना बहुत ही गलत है। पंचनामा बनाने आए तहसीलदार सहित उड़नदस्ता टीम का यह कहना कि हमे ऊपर से निर्देश हैं... बहुत सारे सवालिया निशान खड़े करता है। आखिर ऊपर वाले कौन हैं और घर में बैठे कांग्रेसियों के ऊपर परमिशन की बात करना पंचनामा बनाना यह किस तरह की राजनीति की ओर इंगित कर रहा है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है। लोकसभा चुनाव में हार के भय से भाजपा बौखलाई हुई है और भाजपा द्वारा सत्ता सरकार का दुरुपयोग करना आम बात है। लेकिन कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता निडर और मजबूत है वह इस तरह की कार्यवाहियों से घबराने वाला नहीं है।

### वित्तीय वर्ष 2023-24 में निगम ने किये 20.22 करोड रूपये की राजस्व वसूली

**राजनांदगांव 5 अप्रैल।** नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी राजस्व वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चलाया और लक्ष्य के अनुरूप वसूली के लिये प्रतिदिन राजस्व का अमला निगम के साथ साथ प्रतिदिन घर घर जाकर समस्त करों का वसूली करते थे। साथ ही शहर के प्रत्येक वार्डो में भी शिविर का आयोजन कर वसूली की गयी। इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर निगम को 20 करोड 22 लाख 37 हजार रूपये की राजस्व आय हुई। गत वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में 3 करोड रूपये अधिक वसूली की गयी, इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में 18.22 प्रतिशत अधिक वसूली की गयी है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने राजस्व आय के संबंध में बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपायुक्त श्री मोबिन अली एवं राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में निगम के राजस्व विभाग द्वारा प्रतिदिन राजस्व कार्यालय में, घर घर जाकर एवं वार्डो में शिविर का आयोजन कर उल्लेखनीय राजस्व वसूली किया गया तथा अवकाश के दिनों में भी वसूली कार्य निरंतर जारी रहा। जिसकी परणिती 20 करोड 22 लाख 37 हजार रूपये की राजस्व आय वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर निगम को हुई।

# ट्रांसजेंडर्स ने लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान देने के लिए एक स्वर में दी सहमति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 5 अप्रैल।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में बहुत खुशनुमा माहौल रहा जब ट्रांसजेंडर्स ने आकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान देने के लिए एक स्वर में सहमति दी। जिला पंचायत के सभाकक्ष में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत ट्रांसजेंडर्स की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को जिले में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप द्वारा विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। समाज के प्रत्येक वर्ग को मतदान से जोडऩे के लिए स्वीप कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने ट्रांसजेंडर्स को जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। ट्रांसजेंडर्स वर्ग को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए यह स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रांसजेंडर लोगों को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के साथ ही लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने को कहा गया। सभी ट्रांसजेंडर्स ने कहा कि मतदान हम सबका अधिकार है। यह लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। ट्रांसजेंडर्स ने मतदान केन्द्र में 26 अप्रैल को अवश्य मतदान करेंगे। ट्रांसजेंडर्स ने एक स्वर में इस लोकतंत्र के महापर्व पर अपना योगदान शत-प्रतिशत मतदान करने की सहमति दी और इस कार्य में जिला प्रशासन को अपना भरपूर सहयोग देने के लिए कहा। ट्रांसजेंडर्स ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 26 अप्रैल 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्भीक और अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना जिले में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। ट्रांसजेंडर्स ने नागरिकों को स्वीप कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता के नारे लोकतंत्र के लिए मतदान राजनांदगांव का अभिमान, मोर वोट-मोर अधिकार, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करें मतदान, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से अपने मताधिकार का उपयोग करने का आव्हान किया गया।

# राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा का एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया एयरपोर्ट से लेकर राजीव भवन तक शानदार स्वागत





रायपुर 5 अप्रैल। छत्तीसगढ़ से एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा का आज नई दिल्ली से रायपुर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ जहां पर हस्ढ्ढ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सैकड़ो की तादात में फुल माला के साथ जोरदार स्वागत किया गया आज शाम स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में एनएसयूआई के पदाधिकारी द्वारा ढोल नगाड़े के साथ कार्यकर्ता सैकड़ो की तादाद में अपने नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा को लेने पहुंचे जहां उनका स्वागत किया गया उसके पश्चात एयरपोर्ट चौक पर सैकड़ो की तादाद में पटाखे फोड़ कर नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव का स्वागत किया गया उसके पश्चात राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा राम मंदिर पहुंचकर रामलाल का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं पूजा कर प्रदेश कार्यालय राजीव भवन पहुंचकर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया राजीव भवन में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे मौजूद थे। राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा ने कहा की आज मैं 12 वर्षों से छात्र राजनीति में हूं आज कॉलेज के सचिव से लेकर राष्ट्रीय सचिव का सफर बेहद रोमांचक रहा बहुत सारी अड़चने आई बहुत सारी बाधाएँ आई पर मैं संघर्ष करता चला गया और उसी का परिणाम है कि आज मेरे राष्ट्रीय एवं प्रदेश के शीश नेतृत्व द्वारा मुझे राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई है आगे भी राष्ट्रीय सचिव के नाते कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए खून पसीना एक कर दूंगा यह वचन देता हूं साथ ही आज जिस प्रकार सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सैकड़ो की तादात में एयरपोर्ट से लेकर हमारे प्रदेश कार्यालय राजीव भवन तक जिस तरीके का स्वागत किया गया उसके लिए मैं तहे दिल से सभी का धन्यवाद करता हूं एवं आप सभी को भी यह कहना चाहता हूं कि यदि आप भी मेहनत और लगन से पार्टी में काम करेंगे तो आपको भी आने वाले समय में पार्टी बड़ा मौका देगी जैसा मुझे दिया है आज इस जगह मैं हूं कल आप में से कोई एक व्यक्ति राष्ट्रीय सचिव जरूर बनेगा यह मेरा विश्वास है और विशेष कर मैं इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं एवं पूरे प्रदेश को विश्वास दिलाता हूं कि प्रदेश के साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी पार्टी को मजबूत करने के लिए बहुत ही मेहनत और लगन से कार्य करता रहूंगा।

## संपादकीय

# डॉ.चरणदास महंत ने ऐसा क्यों कहा

राजनीति बदलती रहती है, नए नेता सामने आते रहते है, उनको नई जिम्मेदारी मिलती रहती है,नई जिम्मेदारी मिलती है तो उनको लगता है कि उनको अपनी भाषा बदलनी चाहिए, तेवर बदलने चाहिए। नई भाषा व तेवर उनको मिली नई जिम्मेदारी के अनुरूप होनी चाहिए। नए पद के लिए आक्रामक भाषा व तेवर की जरूरत है तो वैसा करना जरूरी लगता है।डॉ.चरण दास महंत शांत, सरल, सोम्य नेता माने जाते हैं। उनकी भाषा भी बड़ी शालीन रहती है। फिर राजनांदगांव में उन्होंने भूपेश बघेल को मोदी के मुकाबले का नेता बताने के लिए इतनी आक्रामक और आपत्तिजनत भाषा की जरूरत क्यों महसूस हुई। इसकी कई वजहें हो सकती है। एक वजह तो यह हो सकती है कि भूपेश बघेल राज्य के आक्रामक कांग्रेस नेता रहे हैं। उनकी जगह डॉ.महंत को नेता प्रतिपक्ष के रूप में जिम्मेदारी दी गई है तो उनको लगा होगा कि अब उनकी भाषा भी भूपेश बघेल की तरह आक्रामक होनी चाहिए। तब ही वह भूपेश बघेल की जगह ले सकेंगे। भूपेश बघेल की तरह मजबूत नेता माने जाएंगे। एक वजह यह हो सकती है कि वह भी और नेताओं की तरह राहुल गांधी को खुश करना चाहते हों क्योंकि कांग्रेस में माना जाता है कि जो नेता पीएम मोदी की कड़ी आलोचना करता है, उससे राहुल गांधी खुश होते हैं। हो सकता है कि वह राहुल गांधी को बताना चाहते हों कि वह भी भूपेश बघेल की तरह आक्रमक नेता हैं और पीएम मोदी की कड़ी आलोचना कर सकते हैं, कड़ा बयान दे सकते हैं। एक वजह यह हो सकती है कि वह भूपेश बघेल को बताना चाहते हों कि देखें मैं तो तुम्हें पीएम मोदी के मुकाबले का नेता मानता हूं। वह बताना चाहते हों आलाकमान को कि भूपेश बघेल ही छत्तीसगढ़ में अकेले ऐसे नेता हैं जो पीएम मोदी को टक्कर दे सकते हैं. उनके सामने खड़े होकर सवाल पूछ सकते हैं।

भूपेश बघेल की ऐसी तारीफ आज तक राज्य में किसी कांग्रेस नेता ने नहीं की है जैसी तारीफ डॉ.महंत ने की है। वह भूपेश बघेल को बताना चाहते हों कि वह चाहते हैं कि राजनांदगांव से वही जीतें। इसलिए जनता को बता रहे हैं कि आप भूपेश बघेल को चुनोगे तो ऐसा नेता चुनोगे जो पीएम मोदी की टक्कर का है।डा. महंत भूपेश बघेल की जीत इसलिए चाहते हों कि वह राज्य के बाहर जाएं तो वह राज्य में अपने को मजबूत कर सकें। पिछले पांच साल भूपेश बघेल राज्य एकमात्र ऐसे नेता रहे हैं जिनको कोई चुनौती नही दे सका। अब जब वह चुनाव हार गए हैं तो उनकी जगह लेने की तैयारी डॉ महंत कर रहे हैं। भूपेश जब तक छत्तीसगढ़ मे रहेंगे महंत अपने काम में सफल नहीं हो सकेंगे इसलिए महंत कांग्रेस व आलाकमान को बता रहे हैं कि भूपेश पीएम मोदी के मुकाबले के नेता है, उनका उपयोग केंद्र की राजनीति में करना चाहिए। महंत जानते हैं कि आलाकमान के कहने पर भूपेश बघेल लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं तो वह दिल्ली की राजनीति में भी जा सकते हैं। इसलिए महंत भूपेश बघेल को दिल्ली की राजनीति के लिए सबसे ज्यादा उपयोगी बता रहे हैं। डा. महंत भूपेश बघेल की तरह आक्रमक नेता बनने के चक्कर में भाषा का संयम नहीं रख पाए ओर अपन स्वभाव के विपरीत आपत्तिजनत भाषा का प्रयोग कर बैठे। उनको ऐसा कहने की जरूरत नहीं थी कि हमको ऐसा नेता चाहिए जो लाठी पकड़ सके, हमें मोदी का सिर फोड़ने वाला आदमी चाहिए, मोदी से आंख मिलाकर बात करने वाला नेता चाहिए। ऐसा एक ही आदमी है, वह है भूपेश बघेल। डा. महंत की इस चार लाइन में दो लाइन कहने का जरूरत नहीं थी कि हमे लाठी पकड़ने वाला नेता चाहिए। हमें मोदी का सिर फोड़ने वाला नेता चाहिए। क्योंकि कांग्रेस तो खुद को गांधी की विचारधारा वाली पार्टी बताती है, उसे आज लाठी और सिर फोड़ने जैसी बात कहने की जरूरत क्यों महसूस हो रहा है।भले ही मुहवारे में सही। क्या इसलिए हो रही है कि कांग्रेस मान चुकी है कि भाजपा को वह राजनीतिक रूप से नहीं हरा सकती। ।भाजपा राजनीतिक रूप से अपराजेय हो गई है। माना जाता है कि जब आदमी किसी से जीत नहीं पाता है तो उससे बहुत नफरत करता है और उसके नाश की कामना करता है. यह कामना कभी कभी शब्दों को रूप में बाहर आ जाती है।

## विश्लेषण

देवाशिष बसु

# चुनावी बॉन्ड से चंदे पर शेयरधारक क्यों अंधेरे में?

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पिछले दिनों चुनावी बॉन्ड पर दो दस्तावेज में जानकारियां सौंपी। चुनावी बॉन्ड खरीदना पूरी तरह कंपनियों एवं उद्यमियों की इच्छा पर निर्भर था मगर प्रश्न यह है कि कोई कंपनी या इकाई अपनी मेहनत की कमाई स्वार्थ सिद्धि करने वाले राजनीतिज्ञों को क्यों दे? कंपनियां तभी ऐसा करती हैं जब उन पर दबाव डाला जाता है या कोई विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है।

चुनावी बॉन्ड के जरिये आया स्वैच्छिक चंदा अधिक नहीं माना जा सकता। ऐसा इसलिए भी कहा जा सकता है कि बड़ी कंपनियों के नाम चंदा देने वाली इकाइयों की सूची से नदारद थे। इन दिनों भारत के उद्योग जगत की ज्यादातर बड़ी कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हैं। मगर कुछ क्षेत्रों की लगभग 100 कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड के जरिये राजनीतिक दलों को चंदा दिया। चंदा देने वाली कंपनियों की सूची में कुछ ही बड़ी कंपनियां (निफ्टी 200 शेयर) शामिल थीं।



दानकर्ता कंपनियों की सूची में वेदांत (400 करोड़ रुपये से अधिक), भारती एयरटेल (198 करोड़ रुपये), टॉरंट पावर (106 करोड़ रुपये) और यूनाइटेड फॉस्फोरस (60 करोड़ रुपये) शामिल हैं। मगर इसमें शामिल ज्यादातर कंपनियों ने अपने मुनाफे की तुलना में काफी कम रकम चंदे के तौर पर दी है।

उदाहरण के लिए सन फार्मास्युटिकल्स ने पिछले साल 8,900 करोड़ रुपये शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था मगर उसने मात्र 31.50 करोड़ रुपये (महज 0.3 प्रतिशत) राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड के जरिये दिए। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने लगभग इतनी ही रकम (25 करोड़ रुपये) चंदे के रूप में दी।

अन्य कंपनियों में बजाज फाइनैंस (20 करोड़ रुपये), बजाज ऑटो (18 करोड़ रुपये), हीरो मोटर्स (20 करोड़ रुपये), टीवीएस मोटर्स (26 करोड़ रुपये), अल्ट्राटेक (35 करोड़ रुपये), मारुति सुजूकी (20 करोड़ रुपये) और पीरामल एंटरप्राइजेज (48 करोड़ रुपये) के नाम सूची में दर्शाए गए हैं।

इससे अधिक दिलचस्प बात यह है कि सूचीबद्ध बड़ी कंपनियों में एक बड़ी संख्या उनकी है जिन्होंने चुनावी बॉन्ड के जरिये चंदा नहीं दिया। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाइटन और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस), इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो जैसी कंपनियां शामिल हैं। इस सूची में किसी भी बहुराष्ट्रीय कंपनी का नाम नहीं है और न ही निर्माण क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लार्सन ऐंड टुब्रो दिखाई देती है। यह अलग बात है कि निर्माण क्षेत्र की कुछ कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड के जरिये चंदा दिया है।

एक और प्रश्न यह है कि जिन कंपनियों ने चंदा दिया है उन्होंने शेयरधारकों को इसकी स्पष्ट जानकारी दी है या नहीं? मौजूदा समय में बाजार नियामक और स्टॉक एक्सचेंज अधिक से अधिक पारदर्शिता पर जोर दे रहे हैं जिसे देखते हुए चंदा देने वाली कंपनियों को स्पष्टीकरण के साथ इससे जुड़ी जानकारी अनिवार्य रूप से अपने शेयरधारकों को देनी चाहिए।

महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, सिप्ला, भारती एयरटेल, पीरामल एंटरप्राइजेज जैसी बड़ी कंपनियों की वित्त वर्ष 2022-23 की सालाना रिपोर्ट का विश्लेषण करें तो इनमें चुनावी बॉन्ड का कहीं जिक्र नहीं है। वेदांत ने चंदे में दी रकम को 'अन्य व्यय' में दिखाया है मगर एक फुटनोट लिखा है जिससे यह पता चलता है कि रकम चुनावी बॉन्ड खरीदने पर खर्च की गई है।

शेयरधारकों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतना उन कंपनियों के मामले में और भी आवश्यक हो जाता है जो आरोपों या किसी जांच का सामना कर रही हैं। कई बड़ी कंपनियों के नाम चंदा देने वाली इकाइयों की सूची में नहीं हैं मगर दिलचस्प है कि सभी सूचीबद्ध दवा कंपनियां और कई अन्य गैर-सूचीबद्ध कंपनियां के नाम सूची में शामिल हैं।

इनमें कई कंपनियां कर वंचना, खराब गुणवत्ता वाली दवाओं या अधिक कीमत वसूलने के लिए कार्रवाई (कुछ वाजिब तो कुछ कथित रूप से गैर-वाजिब) का सामना कर रही हैं।

चुनावी बॉन्ड से चंदा देने वाले बड़े नामों में दिवीज लैबोरेट्रीज (55 करोड़ रुपये), सिप्ला (39.20 करोड़ रुपये), एल्केम लैबोरेटरीज (15 करोड़ रुपये), डॉ. रेड्डीज (84 करोड़ रुपये), सन फार्मा और मैनकाइंड फार्मा (24 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इनमें किसी भी कंपनी ने चुनावी बॉन्ड के बारे में अपने शेयरधारकों के समक्ष बड़े खुलासे नहीं किए हैं।

चुनावी बॉन्ड के गहन विश्लेषण से पता चलता है कि कंपनियां डर या किसी तरह के फायदे-प्रोत्साहन (ठेका, परियोजना या ऑर्डर मिलने में सहूलियत) के लिए चंदा दे रही हैं। इसमें कोई शक नहीं कि राजनीतिक दलों और कंपनियों के बीच अव्यवस्थित बातचीत की वजह से यह आसानी से पता नहीं चलता कि चंदा दबाव या प्रोत्साहन के कारण दिया गया है।

कारण जो भी हो किसी भी सूरत में शेयरधारक और नागरिक दोनों ही अंधेरे में रखे जाते हैं। उदाहरण के लिए सरकार के पूंजीगत व्यय पर विचार करते हैं। केंद्र सरकार सड़क, पुल, स्वच्छता, पेयजल, रेल आधुनिकीकरण और ऊर्जा पर भारी भरकम पूंजीगत व्यय कर रही है। इन परियोजनाओं के लिए बोली प्रक्रिया कुछ निश्चित मानदंडों पर आधारित होती हैं मगर सदैव इनका अनुपालन नहीं होता है।

कंपनियां पूंजी के रूप में बड़े पैमाने पर नकद रकम का इस्तेमाल भी करती हैं। मेघा इंजीनियरिंग (1,200 करोड़ रुपये) की अगुआई में पिची रेड्डी की चार कंपनियां इस सूची में दूसरी सबसे बड़ी दाता के रूप में सामने आई हैं। ऐसी खबरें हैं कि मेघा इंजीनियरिंग ने कई मौकों पर चुनावी बॉन्ड खरीदे हैं। ये सभी बड़ी परियोजनाओं का ठेका लेने से ठीक पहले खरीदे गए हैं।

सूची में निर्माण क्षेत्र की एक अन्य बड़ी कंपनी बी जी शिरके कंस्ट्रक्शन ने चुनावी बॉन्ड खरीद कर 117 करोड़ रुपये दान में दिए। कंपनी को महाराष्ट्र में एक बड़ी सस्ती आवास परियोजना और दूसरे सौदे प्राप्त हुए। तो खुलासे को लेकर क्या किया जा सकता है, कम से कम सूचीबद्ध कंपनियों के मामले में? आईएफबी एग्रो ने अपनी सालाना रिपोर्ट 2022-23 में पूरी पारदर्शिता बरती है।

ऐसे उदाहरण यदा-कदा ही मिलते हैं। कंपनी ने कहा है, 'कारोबार को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पहले भी इसका उल्लेख किया गया है। कारोबार में निरंतरता बनाए रखने और सभी शेयरधारकों के हितों की रक्षा के लिए कंपनी ने इस साल चुनावी बॉन्ड खरीदने पर 18.30 करोड़ रुपये खर्च किए। कंपनी ने अप्रैल 2023 में चुनावी बॉन्ड खरीदने पर 15 करोड़ रुपये और खर्च किए। कुल मिलाकर 2021 से आईएफबी एग्रो ने चुनावी बॉन्ड के मद में 92 करोड़ रुपये दिए हैं।'

आईएफबी एग्रो पश्चिम बंगाल में परिचालन करती है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक रूप से ताकतवर लोगों का समूह कारोबारी गतिविधियों को अपनी मर्जी के अनुसार चलाता है। इनमें कर्मचारियों की नियुक्ति, ठेकेदार और आपूर्तिकर्ताओं का चयन और नियमित भुगतान संग्रह आदि शामिल हैं। 26 जून 2020 को और फिर 22 दिसंबर 2020 को आईएफबी एग्रो ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि 24 परगना जिले में इसकी डिस्टलरी पर लगभग 150 गुंडों ने हमला किया था।

उन्होंने डिस्टिलरी को जबरन बंद करा दिया, कर्मचारियों को पीटा और उन्हें बंधक बनाया। पुलिस से इस घटना की शिकायत की गई मगर कुछ नहीं हुआ। कंपनी ने कहा कि उसके एल्कोहल कारोबार को इसलिए नुकसान पहुंचाया गया क्योंकि वह 'कुछ उत्पाद कर अधिकारियों की अनुचित मांगों' के आगे नहीं झुकी।

चूंकि, कंपनी की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई इसलिए आईएफबी एग्रो ने चंदा देने के कारण का सार्वजनिक रूप से खुलासा कर दिया। दूसरी सूचीबद्ध कंपनियां भी आईएफबी एग्रो की तरह साहस क्यों नहीं दिखा सकतीं? अगर सूचीबद्ध कंपनियां अपने कारण नहीं बताना चाहतीं तो उनके पास एक और विकल्प उपलब्ध है और वह है किरण मजूमदार शॉ की राह पर चलना। शॉ दो सूचीबद्ध कंपनियों (सिनजीन और बायोकॉन) का संचालन करती हैं। दोनों ही कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड नहीं खरीदे हैं। मगर शॉ ने अपने व्यक्तिगत खाते से 6 करोड़ रुपये का चंदा दिया। प्रवर्तक-प्रबंधक स्वयं को करोड़ों रुपये वेतन के रूप में लेते हैं इसलिए उनके लिए व्यक्तिगत रूप से चंदा देना मुश्किल नहीं है। ऐसा कर वे शेयरधारकों की रकम तो बचाते ही हैं, साथ ही उन्हें अंधेरे में भी नहीं रखते हैं।

# क्या कछुआ-खरगोश की राजनीतिक रेस में भी कछुआ ही बाजी मारने में कामयाब होगा?

हममे से हर किसी ने कछुए और खरगोश की कहानी जरूर सुनी होगी। खरगोश तेज रफ़्तार के बाद भी अति-आत्मविश्वास का शिकार हो जाता है और कछुआ अपनी धीमी रफ़्तार से लगातार आगे बढ़ते हुए जीत सुनिश्चित कर लेता है। अगर यूं कहें कि आगामी लोकसभा चुनाव के वर्तमान परिदृश्य में कुछ ऐसी ही स्थिति बनती नजर आ रही है तो संभवतः बहुत से राजनीतिक जानकर इसे मनगढंत कहानी बताएं, लेकिन जैसे जरुरी नहीं कि हर बार तेज तफ्तार ही जीत का आधार बने, वैसे ही यह भी संभव है कि अति-आत्मविश्वास के घोड़े पर सवार एनडीए या बीजेपी को कटी पतंग की तरह गोते खा रही इंडिया अलायंस या कांग्रेस के हाथों मुँह की खानी पड़ जाए। क्या पता जिस कॉन्फिडेंस के साथ पीएम मोदी ने बीजेपी के लिए 370 और एनडीए के लिए 400 पार का लक्ष्य रखा है, वह सिर्फ एक नारे तक ही सीमित रह जाए, और दिशा विहीन समझे जाने वाली कांग्रेस या विपक्षी गठबंधन, अपने सतत प्रयास के भरोसे, ताबूत की अंतिम कील बनकर उभरे। चूंकि पीएम मोदी का करिश्मा कम से कम बीजेपी कार्यकर्ता और समर्थकों पर तो इस कदर सवार है कि यदि उन्हें नींद से भी उठा कर पूछें तो अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाते ही नजर आएंगे लेकिन शायद उनका यही उत्साह उन्हें मतदान केंद्रों तक भी न पहुंचा पाए। चूँकि सब (एनडीए के संभावित मतदाता) यही मानकर चल रहे हैं कि %आएगा तो मोदी ही% और उनकी यही सोच उन्हें ये भी सोचने पर मजबूर कर दे कि जब आना मोदी को ही है तो फिर उनके एक मत से क्या ही फर्क पड़ना है। और यदि यह विचार इसी दिशा में आगे बढ़ा तो बीजेपी या एनडीए को सतर्क हो जाने की जरुरत है। बहरहाल इसे भी राजनीति में पकाये जाने वाले ख़याली पुलाव की श्रेणी में रखा जा सकता है लेकिन कुछ तकनीकी पहलु भी हैं जो फिलहाल कछुए की भूमिका में चल रहे विपक्षी गठबंधन के लिए खरगोश की भांति एकतरफा रेस जीतती दिख रही एनडीए से बाजी छीनने की ओर इशारा करते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मोदी ब्रांड के तहत अपनी तैयारियों में जुटी बीजेपी या एनडीए इस कदर आश्वस्त हैं कि मोदी लहर को आंधी बुला रहे हैं, जिसमें पूरे विपक्ष को धूल की तरह उड़ाने की उम्मीद की जा रही है। कुछ हद तक इसे सही भी माना जा सकता है क्योंकि विपक्ष चुनाव से दो महीने पूर्व भी संगठित नहीं दिख रहा है और एनडीए या बीजेपी के लिए बूथ स्तर पर भी मजबूत संगठन ही सबसे बड़ी ताकत बना हुआ है। लेकिन महज चुनावी माहौल सेट करने के लिए सोशल मीडिया पर जो मोदी का परिवार तैयार हो रहा है, वह किसके दम पर दक्षिण के राज्यों में बढ़ते विरोध को काबू कर पायेगा? क्योंकि मोदी तो 2019 में भी अपनी लहर चला रहे थे लेकिन दक्षिण के राज्यों ने खुद को इस लहर से दूर रखा था। फिलहाल तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल व आँध्रप्रदेश में महज चार सीटों पर बनी बीजेपी के लिए दक्षिण की लगभग सवा सौ सीटों को भेद पाना आसान नहीं होगा। दूसरी ओर कांग्रेस के पास दक्षिण के पांच राज्यों में बेहतर परफॉर्म करने का ट्रैक रिकॉर्ड दर्ज है। हाल में हुए मूड ऑफ़ द नेशन सर्वे में भी 132 सीटों पर 76 सीटें विपक्षी गठबंधन के पाले में ही दिखाई जा रही हैं।



अतुल मलिकराम । राजनीतिक रणनीतिकार

चूंकि चार सौ पार जाने के लिए प्रचंड बहुमत ही एक मात्र सहारा है ऐसे में न केवल हिंदी भाषी बल्कि पूरे देश से एनडीए को भरपूर समर्थन की दरकार होगी। लेकिन फिलहाल उत्तर भारत में सौ फीसदी समर्थन का खांका तैयार कर चल रही बीजेपी को पिछले कुछ पन्ने पलटने की जरुरत है। उत्तर भारत के अंदर आने वाली 320 सीटों के लिए एनडीए या खासकर खुद बीजेपी के लिए पंजाब की 13 सीटों समेत यूपी की 80, राजस्थान की 25 जैसी सभी सीटें जीतने का भारी दवाब होगा। क्योंकि बीजेपी को सहयोगी दलों के भरोसे रहने से अधिक खुद को जोर लगाना होगा, और अपने दम पर ही अधिकतम सीटें हासिल करनी होगी। महाराष्ट्र की 48 सीटें भी ऐसी ही हैं, वहीं बंगाल में सीटों की गिनती बढ़ाने की चुनौती भी बीजेपी या एनडीए के लिए आसान नहीं है। ऐसे में यह कह देना कि इस बार भी मोदी की आंधी में सब धुंआ धुंआ हो जाएगा तो गलत होगा। क्योंकि फिलहाल विपक्षी गठबंधन भले कमजोर नजर आ रहा हो और कांग्रेस को लगातार बागी होते नेताओं का दर्द झेलना पड़ रहा हो लेकिन जम्मू-कश्मीर से 370 हटने के बाद की कोई चुनावी स्थिति सामने न आने, चुनावी लाभ के लिए सीएए को लागू करने और इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट के रुख से घिरी बीजेपी के लिए सिर्फ राम मंदिर, पीएम मोदी या योगी आदित्यनाथ का चेहरा ही काम नहीं आएगा। विपक्ष के पास भी यही मुद्दा व अवसर है जिसके सहारे आग में घी का किरदार निभाने की कोशिश की जा सकती है और यदि यह कोशिश सही दिशा में आगे बढ़ती है तो ये कहना भी गलत नहीं होगा कि कछुआ-खरगोश की इस राजनीतिक रेस में भी कछुआ ही बाजी मारने में कामयाब होगा।

## आज की बात

# कामयाबी और पतन ...?

तमन्ना मतलानी,गोंदिया(महाराष्ट्र)

जीवन में प्रत्येक मनुष्य की यहां दिली इच्छा होती है कि वह अपने जीवन में कामयाबी हासिल करके एक सम्माननीय जीवन यापन करे। आज के आधुनिक दौर में कामयाबी की चाहना इतनी बढ़ गई है कि वे किसी अन्य व्यक्ति को एक सीढ़ी की तरह उपयोग करने से भी परहेज नहीं करता। इससे भी दुखद तथ्य तो यह है कि व्यक्ति केवल धनार्जन करके कोई बड़ा स्थान हासिल करने में ही अपनी कामयाबी समझने लगा है। आज के इस युग में पैसे कमाना कोई बड़ी बात नहीं है परंतु एक बात का सदैव यह ध्यान रखना चाहिए कि केवल धनार्जन करने से ही कोई व्यक्ति बड़ा नहीं बन सकता। पैसे कमाने के साथ-साथ मान-सम्मान व इज्जत कमाना भी बहुत जरूरी है, क्योंकि मान-सम्मान व इज्जत केवल पैसे कमाने वाले लोगों की गुलामी नहीं करते। जो लोग आर्थिक रूप से कमजोर किसी जरूरतमंद व्यक्ति का दुख समझ सकते हैं सही अर्थों में इस संसार में वही लोग सच्ची इज्जत और मान-सम्मान के अधिकारी होते हैं। मनुष्य ने विज्ञान के क्षेत्र में कामयाबी हासिल करके एवं कई किलोमीटर दूर रहने वाले लोगों की आवाज उनको सामने देख कर वीडियो कॉल पर बात करने तक के साधनों की खोज कर ली है परंतु इतनी कामयाबी हासिल करने के बाद भी आज के दौर में मानवता का पतन इतना बढ़ गया है कि नजदीक खड़े व्यक्ति का भी दुख-दर्द किसी को दिखाई नहीं देता। एक वक्त था जब संयुक्त परिवार हमारे देश की शान समझे जाते थे। प्राइवेसी की चाहत ने तो जैसे संयुक्त परिवारों की आत्मा को जीते जी छलनी कर दिया है। प्रत्येक व्यक्ति केवल अपने स्वार्थ की पूर्ति करने में लगा हुआ है। और चाहिए, और चाहिए की भूख के कारण परिवार के अंदर रहने वाले मनुष्य की तकलीफ और पीड़ा भी कोई देख नहीं पाता। यदि हम अपने जीवन में कुछ वर्ष पीछे मुड़ कर देखेंगे तो हमें यह स्पष्ट रूप से दिखाई देगा कि लोग किसी अन्य व्यक्ति के चेहरे को देखकर ही उसके हृदय की पीड़ा को महसूस कर लेते थे और अपने सामर्थ्य के अनुसार सामने वाले व्यक्ति की सहायता करने को तैयार हो जाते थे। उस समय सहायता करने वाला व्यक्ति अपने द्वारा की गई मदद का ढिंढोरा पीट कर व्यक्त नहीं करता था कि मैंने इसकी मदद की है परंतु आज तो ऐसा समय आन पड़ा है कि व्यक्ति द्वारा की गई किसी भी प्रकार की सहायता का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्रचार प्रसार करने का फैशन चल पड़ा है। एक बात का सदैव ध्यान रखना चाहिए कि सत्कर्म करने वाला व्यक्ति कभी भी सम्मान का भूखा नहीं होता क्योंकि व्यक्ति द्वारा किए गए अच्छे कर्म उसे स्वयं ही सम्मान का अधिकारी बनाता है। जिस व्यक्ति में संबंध निभाने की चाहत होती है सही अर्थों में जीवन के हर मोड़ पर वही व्यक्ति कामयाबी भी अवश्य हासिल करता रहता है। इंसान के पतन के तो कई मार्ग हैं परंतु कामयाबी का मार्ग तो केवल आपसी प्रेम और सहयोग से ही मिलता है। सच्चे संबंध तो मौन की भाषा भी आसानी से समझ लेते हैं और बिना शब्दों के ही बहुत कुछ कह भी दिया जाता है और सब कुछ समझा भी जा सकता है। हमने एक फिल्मी गीत सुना ही होगा ÷कर्म किए जा फल की इच्छा मत कर ऐ इंसान जैसे कर्म करेगा वैसा फल देगा भगवान...। पुरातन काल से ही जीवन में कर्म को ही महत्व दिया गया है और व्यक्ति द्वारा किए गए कर्म ही उसकी पहचान बनाते हैं। इसलिए मित्रों आइए हम सभी सत्कर्मों के मार्ग पर चलें क्योंकि अच्छे कर्म पथ के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति का कभी भी नैतिक पतन नहीं होता और एक दिन जीवन में कामयाबी के शिखर तक भी अवश्य पहुंच जाएंगे.....

## गंभीर मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# दुनिया में एक तिहाई आबादी भूखी सोती है फिर भी भोजन की बर्बादी!



भूख से इंसान की जंग सदियों शताब्दियों वरन सहस्त्राब्दियों पुरानी है ज्यो ज्यो इंसानी सभ्यताओं का विकास हुआ त्यो त्यों भूख की समस्या घटने की उम्मीद बंधी लेकिन यह उम्मीद मृगतृष्णा साबित हुई। आज भी इंसान की भूख से जंग जारी है इस के बावजूद दुनिया भर में भोजन की बर्बादी थमने का नाम नहीं ले रही है वरन बढ़ रही है कुछ सालों पहले औसतन हर व्यक्ति पचास किलो भोजन एक साल में बर्बाद करता था लेकिन अब सालभर में हर व्यक्ति औसतन 79 किलो खाना बर्बाद कर देता है। दुनियाभर में सालाना 1 अरब टन से ज्यादा अनाज बर्बाद होता है- जबकि, दुनिया में अब भी करीब 80 करोड़ लोग भूखे ही सोते हैं। ये आकंड़े चौंकाते हैं और ये दिखाते हैं कि जहां एक ओर लोगों को पेट भरने लायक खाना नहीं मिल रहा है, वहां हर साल खाने की इतनी ज्यादा बर्बादी हो रही है। आपको बता दें कि ये सारी जानकारी संयुक्त राष्ट्र की फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में सामने आई है. इसमें 2022 के आंकड़े लिए गए हैं. इसमें बताया गया है कि 2022 में दुनियाभर में सालभर में 1.05 अरब टन अनाज बर्बाद हो गया था। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में बताया गया है कि हर साल हर भारतीय औसतन 55 किलो खाना बर्बाद कर देता है. इस हिसाब से भारतीय परिवारों में सालाना 7.81 करोड़ टन से ज्यादा अनाज बर्बाद हो जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के पड़ोसी मुल्कों में खाने की सबसे बर्बादी चीन में होती है. चीन में हर व्यक्ति सालभर में औसतन 76 किलो खाना बर्बाद करता है. इस हिसाब से वहां सालभर में परिवारों में 10.86 करोड़ टन खाना बर्बाद हो जाता है। पाकिस्तान में वैसे तो हर व्यक्ति सालाना औसतन 130 किलो खाना बर्बाद करता है, लेकिन वहां सालभर में 3.07 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। जबकि पाकिस्तान में भूखमरी अपेक्षाकृत अधिक है इसके बावजूद सम्पन्न लोग विपुल मात्रा में खाद्य सामग्री खराब करते हैं। हमारे दूसरे पडोसी देश बांग्लादेश में 1.41 करोड़ टन, अफगानिस्तान में 52.29 लाख टन, नेपाल में 28.31 लाख टन, श्रीलंका में 16.56 लाख टन और भूटान में 15 हजार टन से ज्यादा खाना हर साल बर्बाद हो जाता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि खाने की बर्बादी सिर्फ अमीर या बड़े देशों तक ही सीमित नहीं है. बल्कि, छोटे और गरीब देशों में भी लगभग उतनी ही बर्बादी हो रही है. हालांकि, शहरों की तुलना में गांवों में खाने की बर्बादी कम है. उसकी एक वजह ये भी है कि शहरों की तुलना में गांवों में पालतू जानवर ज्यादा होते हैं और खाना उनमें बंट जाता है. इस कारण शहरों के मुकाबले गांवों में खाना उतना बर्बाद नहीं होता।



दुनिया में 19 फीसदी खाना बर्बाद किया जा रहा है। 2022 में सालभर में 1.05 अरब टन खाना बर्बाद हो गया. यानी, जितना खाना लोगों के लिए उपलब्ध था, उसमें से 19 फीसदी बर्बाद हो गया. इस हिसाब से सालभर में 1 ट्रिलियन डॉलर यानी लगभग 84 लाख करोड़ रुपये का खाना बर्बाद हो गया।परिवारों में ज्यादा बर्बादीः खाने की सबसे ज्यादा बर्बादी परिवारों में हैं. 63.1 करोड़ टन यानी 60 फीसदी खाना परिवारों में ही बर्बाद हुआ. 29 करोड़ टन खाना फूड सर्विस सेक्टर और 13 करोड़ टन रिटेल सेक्टर में बर्बाद हुआ.हर व्यक्ति ने 79 किलो खाना बर्बाद कियाः 2022 में औसतन दुनियाभर में हर व्यक्ति ने 79 किलो खाना बर्बाद किया. अमीर देशों के मुकाबले गरीब देशों में महज 7 किलो खाने की बर्बादी कम हुई दुनिया में लगभग 80 करोड़ लोग भूखे सोने के लिए मजबूर हैं। आंकड़ों के अनुसार खाने की ये बर्बादी तब है, जब दुनियाभर में 78.3 करोड़ से ज्यादा लोग भूखे पेट सो जाते हैं. इतना ही नहीं, दुनियाभर में इंसानों की एक तिहाई आबादी पर भी खाद्य संकट मंडरा रहा है। खाने की बर्बादी का क्लाइमेट पर असरः खाने की बर्बादी की वजह से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन 8 से 10 फीसदी तक बढ़ गया है. रिपोर्ट में सामने आया है कि जिन देशों की जलवायु गर्म है, वहां खाने की बर्बादी ठंडे देशों की तुलना में कहीं ज्यादा है। आपको बता दें कि दुनियाभर में हर व्यक्ति सालभर में औसतन 79 किलो खाना बर्बाद कर देता है. अगर ये खाना बर्बाद न हो, तो किसी जरूरतमंद का पेट भर सकता है। हालांकि, कई देशों में खाने की बर्बादी में कमी लाने के तरीकों पर काम हो रहा है. ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मेक्सिको और साउथ अफ्रीका सहित कुछ देशों में खाने की बर्बादी में कमी आई है. 2007 के बाद से जापान में खाने की बर्बादी में एक तिहाई की कमी आई है. जबकि, ब्रिटेन में 18 फीसदी तक कमी आ चुकी है.ग्लोबल फूडबैंकिंग नेटवर्क की सीईओ लिसा मून ने %द गार्डियन% को बताया कि खाने की बर्बादी को कम करने के लिए फूड बैंक के साथ मिलकर काम किया जा सकता है.उन्होंने बताया कि खाने की बर्बादी को कम करने के लिए फूड बैंकिंग अनूठा मॉडल है. क्योंकि फूड बैंक न सिर्फ मैनुफैक्चरर्स, किसानों, रिटेल सेलर और फूड सर्विस सेक्टर के साथ मिलकर काम करते हैं, बल्कि वो ये भी सुनिश्चित करते हैं कि ये खाना जरूरतमंद तक पहुंचे।लेकिन दुनिया भर में जागरूकता की कमी है और जो जागरूक हैवह सिर्फ अपने स्तर पर खाने की बर्बादी रोकते हैं लेकिन दूसरो को इस के लिए प्रेरित करने में नाकाम रहते हैं।

इतना ही नहीं, कुछ खास अध्ययन में ये भी सामने आया है कि अगर लोगों से खाने के कचरे को अलग से इकट्ठा करने को कहा जाता है, तो उनकी आदत में सुधार आता है और वो खाने की कम बर्बादी करते हैं. क्योंकि इससे उन्हें समझ आता है कि वो जितना खरीदते या बनाते हैं, उसका कितना बड़ा हिस्सा बर्बाद हो रहा है।स्पष्ट है कि सभी लोगों को इस ओर विशेष ध्यान देने की महती जरूरत है एक इंसान सही मे इंसान तभी कहलाने का पात्र है जब उसे प्राणी मात्र की मूलभूत जरूरत का अहसास हो। और भोजन तो सबसे जरूरी है यदि हमें भोजन उपलब्ध है तो हमारा फर्ज है कि हम उन लोगों का भी ख्याल करें जिनके पास भोजन उपलब्ध नहीं है। और ऐसे में एलीट सम्पन्न वर्ग सबसे ज्यादा भोजन की बर्बादी कर रहा है यह इंसान की सभ्यता के विकास की यात्रा को झुठलाता है आइए हम सभी भोजन की बर्बादी को रोकने के लिए प्रयास करें।

एक नजर

## पुलिस प्रेक्षक कलासागर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**महासमुंद,5 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद एवं कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक एम राकेशचंद्र कलासागर ने महासमुंद लोकसभा अंतर्गत निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के साथ पिटियाझर स्थित स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। उन्होंने यहां आवश्यक तैयारियां के संबंध में निर्देश देते हुए सुरक्षा संबंधित जानकारी ली। कलेक्टर मलिक ने बताया कि चारों स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे और परिसर में मतदान सामग्री वितरण के लिए बेरिकेटिंग की जाएगी। उन्होंने अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में पुलिस ऑब्जर्वर को जानकारी दी। तत्पश्चात कलासागर द्वारा कलेक्ट्रेट में नाम निर्देशन प्रक्रिया की जानकारी लिया। उन्होंने अन्य निगरानी केन्द्रों का भी अवलोकन किया। इस दौरान अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय, डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

## मतदाता जागरुकता के लिए प्रेरक नारे लिखे जा रही दीवारों पर



**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दीवार लेखन, शपथ, निबंध प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय पॉलीटेक्निक महासमुंद के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा ग्राम बरोंडा बाजार में मतदाता जागरूकता संबंधी प्रेरक नारे दाई ददा दूनो झन, मतदान करे बर भूलो झन, न नशे से न नोट से, किस्मत बदलेगा वोट से, सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो, लोकतंत्र का पर्व महान पहले वोट फिर जलपान, घर-घर अलख जगाएंगे वोट डालने जाएंगे, छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, बहकावे में कभी न आना सोच समझकर बटन दबाना जैसे नारे लेखन का कार्य किया गया।

## व्यय प्रेक्षक ने बैठक लेकर निष्पक्ष कार्य करने दिए निर्देश

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र 09 महासमुंद अंतर्गत महासमुंद जिले के चारो विधानसभा सरायपाली, बसना, खल्लारी एवं महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में व्यय लेखा टीम की बैठक ली। व्यय प्रेक्षक दबास ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप व्यय से संबंधित सभी टीम स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण एवं सजगता पूर्वक कार्य करें। उन्होंने निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी-रिकॉर्डिंग आदि करने कहा। ताकि, लेखा टीम को गणना करने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत या समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी का रजिस्टर व शेडो रजिस्टर बेमेल न हो। उन्होंने शेडो रजिस्टर को सही तरीके से अद्यतन करने के निर्देश दिए। बैठक में लाइजनिंग अधिकारी अब्दुल वहीद खान, लेखा अधिकारी मधुरिमा बंजारे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## 24 अप्रैल शाम 6 बजे से 26 तक मदिरा दुकानें बन्द रहेगी

**गरियाबंद, 5 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने जा रहे मतदान कार्य के मद्देनजर 24 अप्रैल को सायं 06 बजे से 26 अप्रैल तक शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकानें बंद रखने के आदेश दिए है। इसी प्रकार मतगणना तिथि 04 जून को मतगणना स्थल क्षेत्रों की समस्त मदिरा दुकानों को सम्पूर्ण दिवस के लिए पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिए है।लोकसभा निर्वाचन के तृतीय चरण में सीमावर्ती जिला रायपुर में 07 मई को मतदान होने के कारण गरियाबंद जिले के अंतर्गत स्थित राजिम (बाह्य) देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान को 05 मई को शाम 6 बजे से 07 मई को मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन संबंधी कार्य निर्विध्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए उक्त तिथियों में शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने उक्त शुष्क दिवसों में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय - विक्रय, भंडारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण करने के निर्देश दिए है।

## प्राकृतिक आपदा के 2 प्रकरण में 8 लाख स्वीकृत

गरियाबंद,5 अप्रैल। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 2 प्रकरण में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील के ग्राम फुलकर्रा निवासी 56 वर्षीय देवाराम ध्रुव की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर निकटतम परिजन श्रीमती सुशीला बाई को 4 लाख। इसी तरह ग्राम भुंजियामुड़ा निवासी 60 वर्षीय काशीराम कवंर की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन श्रीमती पुरातन बाई को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल के आयोजन, प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

रायगढ़, 5 अप्रैल। भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है।

आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है।

# जिले में विशेष 52 महिला कर्मी, 2 दिव्यांग कर्मी एवं 10 युवा कर्मी करेंगे मतदान केन्द्रों का होगा संचालन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 5 अप्रैल।** निकट लोकसभा चुनाव को देखते हुए गरियाबंद जिला निर्वाचन आयोग के द्वारा विभिन्न मतदान केद्रो को विशेष रूप से चिन्हित किया जा रहा है जिसमें में महिला मतदान केंद्र, दिव्यांग मतदान केंद्र एवं युवा मतदान केंद्र के रूप में जिले के अनेक मतदान केंद्र चयनित किए गए हैं जहां सिर्फ इन्हीं वर्गों के अधिकारी कर्मचारी रहेंगे जो मतदान करेंगे आयोग का इसके पिछे मात्र एक उद्देश्य है कि सभी वर्ग और सभी लोगों को समान अधिकार मिले जिले में विशेष रूप से महिला कर्मियों द्वारा कुल 52, दिव्यांग कर्मियों द्वारा 2 एवं युवा कर्मियों द्वारा 10 मतदान केन्द्रों का संचालन किया जायेगा।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन में मतदान कार्य को निर्बाध रूप से संपादित करने के लिए मतदान अधिकारियों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इन केन्द्रों में चुनाव सम्पन्न कराने के लिए 549 महिला, दिव्यांग एवं युवा मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके तहत पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1, 2 एवं 3 में लगे अधिकारी-कर्मचारी को प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में मतदान अधिकारियों को सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने मास्टर ट्रेनरों द्वारा विभिन्न निर्वाचन प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने प्रशिक्षण में पहुंचकर लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान दलों के अधिकारियों को जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मतदान दलों के अधिकारियों से कहा कि किसी भी कार्य को बहुत सरल और बहुत कठिन नहीं समझना चाहिए। निर्वाचन का कार्य चरणबद्ध तरीकों पर आधारित वह प्रक्रिया है, जो कि प्रशिक्षण पर टिका है। मतदान दल के अधिकारी जितने गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उनके लिए निर्वाचन कराना उतना ही आसान हो जाएगा। उन्होंने निर्वाचन कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्हालने वाली महिलाओं, दिव्यांग एवं युवा कर्मियों को चुनाव कार्य से न घबराने की बात कहते हुए आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने और निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्वाचन के कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न कराने प्रेरित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज से प्रारंभ हुए मतदान दलों के प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन कार्य की गंभीरता और जिम्मेदारी से अवगत कराया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे महिला, दिव्यांग एवं युवा मतदान अधिकारियों से कहा कि मास्टर ट्रेनर द्वारा दी जा रही जानकारियों को अच्छे से समझें और ईवीएम से मतदान कराने के अलावा आवश्यक प्रपत्रों को सही-सही भरने के विषय में जानकारी हासिल करें। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की शंका हो, तो मास्टर ट्रेनर से बार-बार पूछें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया की सभी जानकारी से अवगत होने के लिए ट्रेनिंग मैन्युल में दिये गये जानकारी को अच्छे से पढ़े, साथ ही समयबद्ध तरीके से सभी चुनावी प्रक्रियाओं को सम्पन्न कराने के लिए तैयार रहे। कलेक्टर ने लोकतंत्र के इस महापर्व में निर्वाचन सम्पन्न कराने दिये गये जवाबदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने निर्देश दिये।इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश कुमार गोलछा सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी मौजूद थे।



## स्कूल में लगाए गए 10 दिवसीय समर कैंप का समापन

**महासमुंद।** हनीड्यू इंग्लिश मीडियम स्कूल में समर कैंप के तहत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर उनके हुनर को तराशा गया। 10 दिवसीय इस समर कैंप शिविर में बच्चों के लिए योग, नृत्य, चित्रकला और शिल्प कला का आयोजन किया गया।

# तृतीय लिंग के मतदाताओं को मतदान के लिए किया जागरूक




**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत महासमुंद सर्वाधिक मतदान करने वाला जिला बने इस उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशन में हर स्तर पर मतदाता जागरुकता के लिए गतिविधियों का आयोजन जारी है तथा जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी एस आलोक के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बुधवार को समाज कल्याण विभाग की उप संचालक संगीता सिंह ने बागबाहरा विकासखंड के फुलवारी पारा वार्ड क्रमांक 14 में निवासरत तृतीय लिंग मतदाताओं से सम्पर्क कर उन्हें मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी तृतीय लिंग व्यक्तियों को स्वीप बैच प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी तृतीय लिंग व्यक्तियों को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने करने की अपील की। साथ ही उन्होंने मतदान के दिन सभी तृतीय लिंग मतदाताओं को एक साथ मतदान कर एवं मतदान के पश्चात् ग्रुप फोटो सोशल मीडिया में अपलोड करने को कहा। इस दौरान समस्त तृतीय लिंग मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में स्वीप नोडल (मैनेजमेंट) रेखराज शर्मा, डॉ. वृंदावन पटेल जिला दिव्यांग समन्वयक एवं स्वीप प्रभारी समाज कल्याण, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही स्वीप के ब्रांड अबेंसेडर एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# मनरेगा श्रमिकों ने मतदान करने की ली शपथ



**बीजापुर 5 अप्रैल ।** जिले में मतदाता जागरूक कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिदिवस गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को अपने आस पास सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा है।

इसी कड़ी में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कार्य करने वाले पंजीकृत श्रमिकों ने कार्य स्थल पर स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने हेतु प्रलोभन के बिना , निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ ली।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वीप कार्यक्रम नोडल अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि आम मतदाताओं तक शत प्रतिशत मतदान के संदेश को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

## मतदान दिवस के दिन सवैतनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**बीजापुर 5 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में मतदान 03 चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा, प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) नियत की गई है। लोकसभा निर्वाचन - 2024 हेतु बहुत से मतदाता जो निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित हैं ऐसे नियोजित, कार्यरत प्रत्येक कामगार को मतदान दिवस के दिन मताधिकार का उपयोग करने के लिए लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 135 ख के प्रावधानुसार संबंधितों को सवैतनिक अवकाश प्रदाय किया जाएगा।

# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गिरधारीलाल राठी ने फीता काट कर पार्टी कार्यालय का किया शुभारंभ



**बीजापुर, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ट कांग्रेसी गिरधारीलाल राठी ने बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी, ज़िला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, वरिष्ठ पार्षद प्रवीण डोंगरे, कलाम ख़ान की उपस्थित में आगामी लोक सभा चुनाव के प्रचार प्रसार के लिए ज़िला मुख्यालय बीजापुर में पार्टी कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए ज़िला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी जी और डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी के रास्ते पर चलने वाली पार्टी है कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की सोच है कि देश के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिले। इसी सोच को लेकर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने देश के लोगों के लिए गारंटियाँ लेकर आई है कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनती है तो निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी अपने गारंटियों को पूरा करेगी, देश के हर ग़रीब महिला को साल में एक लाख रुपये देने की गारंटी भी शामिल है। कांग्रेस पार्टी और कवासी लखमा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील हरीश कवासी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से किया है। इस दौरान ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, ज़िला महामंत्री जितेंद्र हेमला, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज अवलम, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पूर्व पार्षद श्रीमती हमीदा बेगम, श्यामू गुप्ता, पार्षद कविता यादव, सोनमती ताती, ललिता झाड़ी, साहिल तिग्गा, लक्ष्मण कड़ती, राजीव सिंह, राम कुमार दुर्गम, रतन कश्यप, महिला कांग्रेस की ममता पांडे सहित, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# निर्वाचन में नामांकन का कार्य महत्वपूर्ण, सजगता से करें कार्य:कलेक्टर



**रायगढ़, 5 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा निर्वाचन के संबंध में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नाम निर्देशन के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा की निर्वाचन की प्रक्रिया में नामांकन एक महत्वपूर्ण चरणों में से एक है इसमें त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए, इसलिए प्रत्येक कार्य को सजगता से करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री शशिकांत कुर्रे, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा सहित नामांकन प्रक्रिया के लिए नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 2-रायगढ़ से निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2024 है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु आने वाले अभ्यर्थियों के लिए कार्यालय के मुख्य द्वार से होकर न्यायालय कलेक्टर के कक्ष में नामांकन दाखिल कर सकेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष में अभ्यर्थियों एवं प्रस्तावक सहित अधिकतम 5 लोग प्रवेश कर सकते है। यहां फोटोग्राफी पूर्णतः प्रतिबंधित होगी। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक की अवधि में नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अनुमति होगी। इस दौरान उन्होंने नामांकन प्रक्रिया, दस्तावेज, चेक लिस्ट जैसे विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक अवकाश की तिथि में नाम-निर्देशन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि नामांकन पत्र जमा करने पर उसकी अच्छी तरह परीक्षण करें। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने निर्वाचन व्यय हेतु नामांकन से कम से कम एक दिन पूर्व खुलवाये गये बैंक खाते का विवरण देना होगा। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्यक्रम की सार्वजनिक घोषणा के पश्चात इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आरओ, एसएआरओ कार्यालय के साथ निर्वाचन क्षेत्र के भीतर नगर निगम, नगर पालिका, नगर पोंचायत, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत सहित अन्य शासकीय कार्यालयों के सूचना पटल पर चस्पा किया जाएगा। जिसमें नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि का उल्लेख होगा। नाम निर्देशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, राष्ट्रीय अथवा उस राज्य में मान्यता प्राप्त दल के अभ्यर्थी हेतु उस निर्वाचन क्षेत्र के 01 प्रस्तावक आवश्यक है। इसी तरह गैर मान्यता प्राप्त परंतु पंजीकृत राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों एवं निर्दलीय अभ्यर्थियों को उस निर्वाचन क्षेत्र के कम से कम 10 प्रस्तावक आवश्यक है। इस दौरान मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल द्वारा कार्य विभाजन, नामांकन प्रस्तावक, नामांकन प्रस्तुतकर्ता, अंतिम समय, प्रवेश की सीमा, आरंभिक समीक्षा, चेक लिस्ट, नामांकन रसीद, नामांकन शपथ, समय-सीमा, नामांकन पत्र के सहअभिलेख, बैंक खाता और पासबुक, नामांकन के बाद के कार्य, संवीक्षा, निरस्त करने के आधार, विशेष प्रकरण जैसे विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

# 1 लाख की ईनामी माओवादी पोयाम फगनी एवं 10.00 हजार की इनामी महिला माओवादी पोयाम सन्नी गिरफ्तार

**बीजापुर, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 03/04/2024 को थाना फरसेगढ़ एवं थाना कुटरू की संयुक्त पार्टी द्वारा चुचकोंटा से एक महिला माओवादी पोयामी सन्नी ऊर्फ रंजिता पति स्व0 सन्नू उम्र 34 वर्ष निवासी चुचकोंटा थाना फरसेगढ को पकड़ा गया । जो थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण की हत्या, मारपीट, और पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल थी । पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा उक्त महिला की गिरफ्तारी के लिये 10.00 हजार का ईनाम घोषित है एवं थाना फरसेगढ़ में उक्त के विरूद्ध 05 स्थाई वारंट लंबित है । अभियान के दौरान केतुलनार से फरसेगढ़ एलजीएस सदस्या पोयाम फगनी (फरसेगढ़ स्त्रस सदस्या)पिता हड़मो पोयाम उम्र 30 वर्ष निवासी केतुनार थाना कुटरू को पकड़ा गया । उक्त के विरूद्ध छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 1.00 लाख का ईनाम घोषित है । जो थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 10.09.2015 को एड़ापल्ली के जंगल में पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल थी । उक्त के विरूद्ध थाना फरसेगढ़ में 01 स्थाई वारंट लंबित है ।पकड़े गये महिला माओवादियों के विरूद्ध थाना कुटरू एवं फरसेगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है ।



# स्वामी आत्मानंद स्कूल में सेजेस पोर्टल से प्रवेश 10 अप्रैल से होगी प्रारंभ

**रायगढ़, 5 अप्रैल।** राज्य शासन द्वारा जारी आदेशानुसार प्रदेश के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में सत्र 2024-25 में छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश की प्रक्रिया सेजेस पोर्टल में 10 अप्रैल से प्रारंभ कर दी जाएगी। जिसके तहत प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 10 अप्रैल से 5 मई 2024 निर्धारित है। इसी तरह अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन की कार्यवाही 5 से 10 मई तक तथा एडमिशन की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 से 15 मई 2024 तक की जाएगी। छात्र-छात्राएं वेबसाईट द्धह्लह्लश्चह्य०//ष्द्गह्यष्द्धश्शद्य.द्गठ्ठ/ह्यड्डद्द ह्य/द्यशद्दद्बठ्ठ.ड्डह्यश्च3 में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सत्र 2023-24 में 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा 348 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालित है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एडमिशन हेतु दिए गए निर्देश स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा। जिसमें एक विद्यार्थी एक विद्यालय हेतु ही आवेदन कर सकेंगे। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राज्य में पूर्व से चल रहे अंग्रेजी माध्यम के 152 प्राथमिक तथा 153 पूर्व माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को कक्षा 6 वीं एवं कक्षा 9 वीं में प्राथमिकता से एडमिशन दिया जाएगा। महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा। एडमिशन हेतु आवेदन पत्र के साथ पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं का चयन किया जाएगा। बालिकाओं की पर्याप्त संख्या नहीं मिलने पर बालकों से सीट भरी जा सकेगी। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरूद्ध प्रवेश दिया जाएगा। पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। कुल रिक्त पदों के 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदक बच्चों का प्रवेश लॉटरी सिस्टम से होगा अर्थात कम्प्यूटर के माध्यम से रेंडमली चयन किया जाएगा। रिक्त सीट के विरूद्ध अधिक पात्र आवेदक होने पर लॉटरी से चयन किया जाएगा। कक्षा पहली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 31 मई 2024 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में एडमिशन के लिए दिए गए निर्देश

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा। उसी विद्यालय में पूर्व से अध्ययनरत छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन की आवश्यकता नहीं होगी। जिसमें एक विद्यार्थी एक विद्यालय हेतु ही आवेदन कर सकेंगे। महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा। एडमिशन हेतु आवेदन पत्र के साथ पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। कन्या विद्यालयों को छोड़कर शेष विद्यालयों में सह शिक्षा होगी तथा इनकी प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं का चयन किया जाएगा। बालिकाओं की पर्याप्त संख्या नहीं मिलने पर बालकों से सीट भरी जा सकेगी। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरूद्ध प्रवेश दिया जाएगा। पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। 25 प्रतिशत से अधिक प्रवेश हेतु आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी सिस्टम से होगा अर्थात कम्प्यूटर के माध्यम से रेंडमली चयन किया जाएगा। स्कूल की क्षमता अनुसार प्रवेश देने का अधिकार कलेक्टर की अध्यक्षता वाले सोसायटी को होगा। कुल रिक्त पदों के 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदक बच्चों का प्रवेश लॉटरी सिस्टम से होगा अर्थात कम्प्यूटर के माध्यम से रेंडमली चयन किया जाएगा। इन विद्यालयों में कक्षा 6 वीं एवं कक्षा 9 वीं में प्रवेश सोसायटी के

## 6 और नक्सली शव की हुई शिनाख्ती

**बीजापुर, 5 अप्रैल।** जिला बीजापुर के थाना गंगालूर क्षेत्र में दो अप्रैल को हुई मुठभेड़ के पश्चात घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान 3 महिला माओवादी सहित कुल 13 माओवादियों के शव बरामद किया गया। अब तक कुल 13 माओवादियों के शव में से 11 की शिनाख्तगी हुई ।1) सुखराम हेमला , कंपनी 2 2) हूँगा परसी , कंपनी 23) लक्खू कोरसा कंपनी 2 सदस्य4) सीतक्का ( जितरू , डीवीसी की पत्नी ), क्क्त्र , कंपनी 2 5 ) दुला कुहराम , क्क्त्र कम्पनी 26) सोनू अवलम , कंपनी 2 सदस्य7) सुदरू हेमला , कंपनी 2 सदस्य8) चैतु पोटाम कंपनी 2 सदस्य9) लच्छू कड़ती कंपनी 2सदस्य 10) लक्ष्मी ताती, कंपनी 2 सदस्य 11) कमली कुंजाम, कंपनी 2 सदस्य अन्य 02 माओवादियों के शव की शिनाख्तगी की कार्रवाई जारी है।

## ईवीएम का प्रथम रेण्डमाईजेशन 8 अप्रैल को

रायगढ़, 5 अप्रैल। लोकसभा निर्वाचन-2024 में उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन 8 अप्रैल 2024 को दोपहर 2 बजे से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सह रिटर्निंग ऑफिसर संसदीय क्षेत्र 02 रायगढ़ की उपस्थिति में जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में किया जाएगा।

## कलेक्टर की उपस्थिति में किया गया मतदान दलों का रेण्डमाईजेशन




**बीजापुर, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर लोकसभा अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-89 बीजापुर (अजजा) के लिए लोकसभा सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन के द्वारा जगदलपुर से विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय की उपस्थिति में आज गुरुवार को जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बस्तर के अंतर्गत जिला बीजापुर के 245 मतदान केन्द्रो में निर्वाचन कराने हेतु मतदान दलों का जिला स्तरीय द्वितीय रेण्डमाईजेशन किया गया। जिले के 245 मतदान केन्द्रों के लिए 03 दिव्यांगजन, 17 संगवारी मतदान दल का रेण्डमाईजेशन किया गया।

जिसमें रिजर्व मतदान दल सहित 108 दल, हेलीकॉप्टर दल सहित 220 सड़क मार्ग मतदान दलों सहित कुल 348 मतदान दलों के कर्मचारियों को मतदान दलों के लिए चिन्हांकित किया गया। इस दौरान सहायक रिर्टर्निंग अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री उत्तम सिंह पंचारी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री लुपेन्द्र महिनाग उपस्थित थे।

# मोबाइल एप्स के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रही है निर्वाचन संबंधी हर जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 अप्रैल।** निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनो बढ़ी है।

**वोटर हेल्पलाइन एप:** वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ईक्कएपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से प्रत्याशी द्वारा नामांकन के दौरान प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप से निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत भी की जा सकती है।

**सी-विजिल एप:** इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सीधे घटना की फोटो, वीडियो या आडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।

**सक्षम मोबाइल एप:** इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल बनाने के लिए डिज़ाइन, ले-आउट, इंटरफेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफ़ा इंटरैक्टिव प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया है।

सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

**सुविधा कैंडिडेट एप:** इस एप के माध्यम से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि में भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। इतना ही नहीं प्रत्याशी को रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इस एप में है।

वोटर टर्न ऑउट एप क्क इस मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की जानकारी पल-प्रतिपल देख सकते हैं। इस एप के जरिए नागरिक तीनों ही चरणों में वोटर टर्न ऑउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी द्वारा हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की अद्यतन जानकारी प्रदान की जाती है।

**नो यूअर कैंडिडेट (केवायसी) एप :** इस एप के माध्यम से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति, आपराधिक रिकार्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है। इस एप से मतदाताओं को निर्वाचन के लिए सही प्रत्याशी का चयन करने में मदद मिलती है।

**इलेक्शन सीज़र मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) एप:** राज्य के 1800 से अधिक स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही जब्ती (सीज़र) की कार्यवाहियों को इस एप पर अपलोड किया जाता है। पुलिस विभाग, आयकर विभाग, जीएसटी विभाग के अधिकारी हर जब्ती को इस एप पर अद्यतन करते हैं। इससे निर्वाचन आयोग को स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी मिलती है और उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

### नई तकनीकों ने बढ़ाई निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता




## एक नजर

### गणगौर शोभायात्रा 11 अप्रैल को निकलेगी

भाटापारा, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राजस्थान के सबसे बडे उत्सव गणगौर पूजा इन दिनों यहां विधि विधान से किया जा रहा है। मारवाडी समुदाय के द्वारा 16 दिन तक शिव पार्वती की आराधना कर सुखी वैवाहिक जीवन का आशीष मांगा जाता है खासकर नव विवाहिता एवं युवतियां माता पार्वती से सौभाग्य मांगती है। नगर में धनजी भाई जोशी द्वारा लगातार 13 वें वर्ष आयोजित गणगौर की पूजा व 11 अप्रेल 2024 को निकलनी वाली शोभा यात्रा की तैयारी की जा रही है। शोभायात्रा शाम 04.00 बजे धनजी भाई जोशी के निवास स्थान से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मारवाडी कुंआ पहुंचेगी। बाजे गाजे के साथ शिव पार्वती की शोभा यात्रा बडी धूम धाम से निकाली जावेगी। अत: सभी स्वजन बहनों भाइयों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढावें।



### ऑनलाईन सट्टा खेलाने का आरोपी विरेन्द्र जायसवाल गिरफ्तार

तिल्दा-नेवरा, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को सट्टा संचालित करने वालों सहित इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने तथा सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में 4 अप्रैल को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बैकुंठ स्थित देशी शराब दुकान पास एक व्यक्ति अपने मछली दुकान पर लोगों को अपने मोबाईल फोन से ऑन-लाईन रूपये पैसों का दांव लगवाकर सट्टा संचालन कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम विरेन्द्र जायवाल निवासी तिल्दा नेवरा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें मोबाईल फोन को चेक करने पर उसके द्वारा मोबाईल फोन में ऑन-लाईन सट्टा संचालित करना पाया गया। जिस पर सटोरिया विरेन्द्र जायवाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 नग मोबाईल फोन एवं नगदी रकम जुमला कीमती लगभग 10,000/- रूपये जप्त कर सटोरिया के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में अपराध क्रमांक 195/24 धारा छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 07 के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर सटोरिया के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।



# श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर धूमधाम से मनाया भगवान आदिनाथ जन्मकल्याणक महोत्सव

## महोत्सव में भगवान का आदिनाथ का किया गया मंगल अभिषेक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 5 अप्रैल।** 1008 आदिनाथ पंच बलयती नवग्रह दिगंबर जैन मंदिर में भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव रथ यात्रा महोत्सव सानंद संपन्न हुआ। प्रतिष्ठाचार्य वास्तु विद ज्योतिषाचार्य भरत जी शास्त्री इंदौर के मंगल सानिध्य में प्रातः काल 7:00 बजे भगवान का मंगल अभिषेक किया गया, उसके पश्चात कर्नाटक में सागवान लकड़ी से निर्मित नक्काशी युक्त 21 फीट ऊंचा रथ में भगवान को विराजमान किया गया। सभी भक्तों ने जयकारा लगाकर बधाई गीत गाकर आरती कर प्रसन्नता व्यक्त की। सभी भक्तों ने रथ को खींचकर के संपूर्ण नगर भ्रमण कराया। समस्त भाटापारा में सर्वधर्म सर्व समाज ने भगवान की मंगल अगवानी कर आरती उतार प्रसाद चढ़ाकर पुष्प अर्पित कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। बाल ब्रह्मचारी ज्ञान रूपी दीपक भैया अमरकंटक ने सभी भक्तों को तिलक लगाकर एवं रत्न भेंट करके उन्हें जी का आशीर्वाद प्रदान कराया।

**भाटापारा में दिखी सर्वधर्म सद्भाव की झलक:** भगवान आदिनाथ जयंती के पावन अवसर पर रथ यात्रा का पूजा अर्चना कर एवं सभी भक्तों का सम्मान कर कार्यक्रम की दी बधाई। जिसमें प्रमुख रूप से सिख समाज, वर्मा समाज, साहू समाज, अग्रवाल समाज, दादी मंदिर ट्रस्ट, सिंधी समाज, पेंशन धारी कल्याण संघ, गुप्ता समाज, कैट, चैंबर ऑफ कॉमर्स आदि अनेक संस्थाओं ने श्रीजी की अगवानी कर आरती कर श्रीजी का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी समाजों ने भक्तों के लिए पेयजल मिठाई चॉकलेट कोल्ड ड्रिंक आदि की व्यवस्था भी की थी।

**ग्रामीण अंचल से आई भजन मंडलिया:** मनमोहक रथ यात्रा में भगवान के रथ के आगे ग्रामीण अंचल से आई हुई भजन मंडली कर्मा नृत्य की टीम और सुवा नृत्य की टीम भक्ति भाव से चल रही थी। कर्मा की टीम आकर्षण का केंद्र रही सभी लोगों ने खूब भक्ति की।

**कार्यक्रम में पहुंचे समस्त छत्तीसगढ़ की जैन समाज:** रथ यात्रा महोत्सव में सिमगा, नेवरा, रायपुर, नयापारा राजिम, धमतरी, भिलाई, दुर्ग, राजनंदगांव, बिलासपुर, अकलतरा, कोरबा, चिरमिरी, नैला, अंबिकापुर आदि स्थानों से जैन समाज के भक्त पहुंचे। सभी ने भगवान का रथ खींच करके पुण्य अर्जन किया।

**छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज और मंदिर कमेटी ने किया सम्मान:** छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज और आदिनाथ मंदिर कमेटी ने छत्तीसगढ़ में जैन समाज के द्वारा सामाजिक राजनीतिक रचनात्मक कार्यों में दिए गए योगदान स्वरूप उनके कार्यों का आकलन कर उनका सम्मान मंच के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम में छगन मूंदड़ा पूर्व अध्यक्ष सीएसआईडीसी संतोष वेद सीमंधर मंदिर रायपुर, किशोर जैन उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज, रजनीश जैन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक तेंदूखेड़ा जबलपुर, प्रकाश मोदी डायरेक्टर पारस टीवी चैनल, छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के मंत्री सुशील जैन नैला, उपाध्यक्ष नवीन गदिया भाटापारा श्राविका रत्न सुमन लता मोदी मंच पर उपस्थित रहीं।

मंदिर कमेटी द्वारा सभी भजन मंडली, जैन समाज के श्रावक एवं आमंत्रित अतिथि की भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। चिन्मय सागर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया सुभाष भट्टर अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में मंदिर कमेटी ने मिलकर के ब्लड डोनेशन कैंप का शिविर कार्यक्रम स्थल पर लगाया जिसमें अनेक शिक्षकों एवं जैन समाज ने अपना ब्लड डोनेशन कर पुण्य अर्जन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अभिषेक मोदी अध्यक्ष आदिनाथ मंदिर कमेटी विनोद मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीतकार संघ उपाध्यक्ष मंदिर कमेटी ने संयुक्त रूप से किया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने की महंत के बयान की निंदा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 5 अप्रैल।** नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लाठी से मारने के संबंध दिए गए बयान के विरोध में गुरुवार को भाजपा मंडल के द्वारा भी विरोध दर्ज कर पुलिस को ज्ञापन सोपा और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के बयान की निंदा की भाजपा नेता शहर महामंत्री सौरभ जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत द्वारा लाठी से वार करने करने का दिया गया बयान उनकी ऊंची मानसिकता का परिचायक है उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस अभी से अपनी करारी हार देखते हुए बौखला गई है यह उसी बोखालत का परिणाम है कि कांग्रेस और कांग्रेस के नेता लगातार अलग-अलग विवादित बयान दे रहे हैं उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ और अनुभवी कांग्रेसी नेता होने के कारण चरणदास महंत को इस बात का ध्यान रखना चाहिए राजनीति प्रतिद्वंदी में भी इस तरह की भाषा उपयोग नहीं करनी चाहिए और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत को छत्तीसगढ़ में यह जरूर पता लग गया है कि भारतीय जनता पार्टी 11 सीट जीत रही है और इसी के कारण वह अपनी ओछी मानसिकता के चलते इस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर यादव महामंत्री सौरभ जैन ने कहा कि आज अच्छे कांग्रेसी मोदी जी की नीतियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता के लिए तरस रहे हैं प्रतिदिन पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में हजारों कांग्रेसी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं और आने वाला समय कांग्रेस मुक्त छत्तीसगढ़ में समय होगा। आयोजित धरने में बीजेपी के मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा जिला उपाध्यक्ष राम पंजवानी सहित सैकड़ों की संख्या में बीजेपी के लोग उपस्थित थे।

**न्यायालय कलेक्टर महासमुन्द जिला-महासमुन्द (छत्तीसगढ़)**

प्र.क्र. 31 ब / 121 वर्ष 2023-24
ई-कोट नंबर-202310120100002
ग्राम-राजाडेरा, तहसील-पिथौरा

पक्षकार - भारतीय स्टेट बैंक शाखा महासमुंद विरूद्ध मेसर्स शीला वेयरहाउस प्रो.शीला पटेल पति गुणसागर पटेल, ग्राम राजाडेरा, तहसील पिथौरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)

**उपस्थिति हेतु सूचना**

प्रति,
मेसर्स शीला वेयरहाउस प्रो.शीला पटेल पति गुणसागर पटेल, ग्राम राजाडेरा, तहसील पिथौरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)

एतद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि कलेक्टर, महासमुंद के न्यायालय में प्रकरण कमांक ई-कोट नंबर-202310120100002 प्र.क्र.31 ब/121 वर्ष 2023-24 में आवेदक भारतीय स्टेट बैंक शाखा-महासमुंद, जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम राजाडेरा, प.ह.नं.2, रा.नि.मं. पिथौरा, तहसील पिथौरा, जिला महासमुंद में स्थित भूमि खसरा नंबर 363/2, 363/3 रकबा 17024 वर्गफुट का धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत भौतिक रूप से कब्जा प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें पक्षकार है तथा आपका पक्ष रखने हेतु नियत रखा गया है।

अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर, महासमुंद के समक्ष दिनांक 08.04.2024 को दोपहर 3.00 बजे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। उक्त दिवस को उपस्थित नहीं होने की स्थिति में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

(न्यायालय के आदेशानुसार)

मुहर

डिप्टी कलेक्टर
करते-कलेक्टर, महासमुंद



अभियान

तिल्दा-नेवरा, 5 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बूथ चलो अभियान के अंतर्गत बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के तिल्दा-नेवरा, धरसींवा मंडल के भाजपा तिल्दा शहर मंडल अंतर्गत बूथ क्रमांक 190 में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं धरसींवा विधायक अनुज शर्मा झंडा फहराते हुए।

# कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 अप्रैल।** 4 अप्रैल को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्र में एमसीपी लगाकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने एवं क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना है। अभियान के दौरान पुलिस बल द्वारा सड़क मार्ग में नाका लगाकर दोपहिया, चारपहिया भारी वाहन सहित सभी प्रकार के वाहनों की समुचित चेकिंग की जा रही है तथा इस दौरान पुलिस बल द्वारा वाहन चालकों को संयमित गति एवं यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने हेतु निर्देशित भी किया जा रहा है।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है आवेदक कृष्ण कुमार साहू पिता दुखिताराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नंबर 15003/53 रकबा 0.0102 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1. खसरा नक्शा की प्रति की संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 12/04/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 28/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा**

क्रमांक/ /तह./वा./24
सिमगा, दिनांक 28/03/2024
रा.प्र.क्र......./ब-121/2024
ग्राम-चंदियापथरा प.ह.नं. 02

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक नीलकंठ पिता तिल्लू साहू जाति तेली निवासी ग्राम चंदियापथरा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी माता बुधारा बाई साहू पति तिल्लू साहू का (मृत्यु) दिनांक 25/05/1999 को चंदियापथरा चंदियापथरा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 18/04/2024 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 28/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सिमगा

### तृतीय लिंग के मतदाताओं ने सेल्फी लेकर शत प्रतिशत मतदान के लिए आम लोगों को किया जागरूक, फर्स्ट टाइम वोटर सम्मानित

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए लगातार चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 अप्रैल।** जिले में मतदान जागरूकता के लिए शहर से लेकर गांव तक सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नागरिकों की जनसहभागिता व्यापक तौर पर रही है। लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होने एवं मतदान करने का संदेश दिया गया। इसके तहत आज भाटापारा नगर में तृतीय लिंग मतदाताओं ने सेल्फी लेकर शत प्रतिशत मतदान के लिए आम लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही रंगोली, भाषण, नुक्कड़ नाटक, के माध्यम से जिले में शत् प्रतिशत मतदान हेतु आमजनों को संदेश दिए।



इस अवसर पर तृतीय लिंग के मतदाता एवं फर्स्ट टाइम युवा वोटरों का सम्मान भी किया गया। तृतीय लिंग एवं बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए कलेक्टर के.एल.चौहान कार्यक्रम शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करना न केवल हमारा अधिकार है बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। आप सभी अपने घरो प्रत्येक सदस्यों को मतदान करने के लिए अवश्य बोले भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसमें जनता के द्वारा ही जनप्रतिनिधियों का चुनाव होता है। जिससे हमारी देश की दशा और दिशा दोनों तय होती है। अतः इस लोकतंत्र के महापर्व में हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। इस दौरान कलेक्टर ने सभी को शत् प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इसके साथ ही नोडल अधिकारी स्वीप एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत जिले में शहरों से लेकर गांवों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत पोस्ट कार्ड, रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई जा रही है। जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदान तिथी 7 मई 2024 को शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है.जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीण, विद्यार्थी, श्रमिक एवं आम नागरिक शामिल हो रहे हैं। आज हुए रंगोली प्रतियोगिता रंगोली में सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, मतदान ही नागरिक की पहचान, चलो मतदान करें, वोट देना हमारा अधिकार, आओ मतदान करें, मेरा वोट मेरा भविष्य, छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, चलो दीदी-भाई करे मतदान, लोकतंत्र की विनती है हर एक वोट कीमती है का संदेश दिया गया।

**पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़, भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत अपने पत्र क्रमांक 105/एस.ई.आई.ए.ए.,छ.ग./उद्योग/2017 दिनांक 03/04/2024 के द्वारा हमारे प्लॉट नं. 1ए, 1 बी एवं 2 आई, हैवी इण्डस्ट्रीयल एरिया, हथखोज, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) में स्थापित परियोजना में क्षमता विस्तार के तहत इंडक्शन फर्नेस (एम.एस. बिलेट्स) क्षमता 38,640 टन/ वर्ष से बढ़ाकर 1,33,000 टन/ वर्ष, रिरोल्ड स्टील क्षमता 57,800 टन/ वर्ष से बढ़ाकर 2,49,000 टन / वर्ष (थ्रु हॉट चार्जिंग 1,05,000 टन/वर्ष एवं थ्रु रिहिटिंग 1,44,000 टन/वर्ष) एवं एम.एस. पाईप मिल क्षमता 1,20,000 टन/वर्ष की परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय किया है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग तथा मुख्यालय अटल नगर, नवा रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

स्थानः- दुर्ग (छ.ग.)
दिनांकः- 04.04.2024

मेसर्स एम.आर. इंटरप्राईजेस
हैवी इण्डस्ट्रीयल एरिया, हथखोज, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

# बिजली विभाग के यार्ड में भीषण आग, धमाके





**रायपुर 5 अप्रैल।** राजधानी रायपुर स्थित भारत माता चौक के पास बिजली विभाग के सब डिवीजन दफ्तर के पास स्थित यार्ड में आज दोपहर भीषण आग लग गई है. इसकी सूचना मिलते ही दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई है. मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है. बताया जा रहा है कि बिजली विभाग के दफ्तर में रखें ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट की वजह से ये आग लगी है. इस भीषण आग में ब्लास्ट भी हो रहे हैं. यार्ड में हजारो लीटर आइल भी रखा हुआ था। इसमे में भी आग लगने के कारण स्थिति खतरनाक हो गई। धुआं कई किलोमीटर दूर तक नजर आ रहा था। आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया था। बताया जाता है कि दमकल वाहन काफी देर से पहुंचा इस कारण आग ज्यादा फैल गई। घटना स्थल से अग्निशमन केन्द्र काफी दूर टिकरापारा में है। ट्रैफिक के कारण वाहनों को आने में देरी हुई।

## एक नजर

### महिला के खाते से 7 लाख से अधिक रकम पार

**रायपुर, 5 अप्रैल।** लक्ष्मीनगर पचपेड़ी नाका में पैसे मिलने का प्रलोभन देकर महिला के खाते से अज्ञात आरोपी नरे 7 लाख 26 हजार 804 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रियंका दाउ 35 वर्ष लक्ष्मीनगर पचपेड़ीनाका की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के मोबाइल पर अज्ञात नंबर 85229-69113 से कॉल आया था। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थिया को फोन पर कहा कि आपको एक टास्क देंगे, जिसके बदले आपको पैसा मिलेगा कहकर प्रलोभन दिया। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थिया को टास्क देते हुए उसके खाते से 7 बार में 7,26,804 रुपए अपने खाते में जमा करवाकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### उमस और गर्मी से लोग बेचैन

**रायपुर, 5 अप्रैल (मुख्य नगर संवाददाता)।** राजधानी तथा प्रदेश के अन्य जिलों में आज एक द्रोणिका के गुजरने के कारण नमी आने से उमस भरी गर्मी से लोग बेचैन हैं। मौसम विभाग के निदेशक डॉ. चंद्रा के अनुसार 6 अप्रैल से राज्य में वर्षा की गतिविधियां शुरू हो जाएगी। तमिलनाडु से एक द्रोणिका खाड़ी की ओर जा रही है जिसके कारण का मौसम का मिजाज बदल जाएगा। आज भी अधिकतम तापमान 41 डिग्री रहेगा। बढ़ती गर्मी के साथ ही अब घरों में कूलर तथा एयरकंडीशन चल रहे हैं जिसके कारण लोड शेडिंग का खतरा बढ़ गया है।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 5 अप्रैल।** वल्लभ सोसायटी टैगोरनगर में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजय बोहरा 38 वर्ष वल्लभ सोसायटी टैगोरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केबी 2720 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 14 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### मॉल में महिला का पर्स पार

**रायपुर, 5 अप्रैल।** कलर्स मॉल में अज्ञात चोर ने महिला का पर्स पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया तनिष्का मनवानी 40 वर्ष श्यामनगर तेलीबांधा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया कलर्स मॉल गई थी, जहां अज्ञात चोर ने प्रार्थिया का पर्स पार कर दिया। चोरी गए पर्स में मोबाइल व नकदी 2300 रुपए था। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### तीन वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर, 5 अप्रैल।** धरसींवा पुलिस ने सांकरा नया ओव्हरब्रीज में ट्रक खड़ी कर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले तीन वाहन चालकों के खिलाफकार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने सांकरा ओव्हरब्रीज में खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 08 एयू 9351 का चालक नरेन्द्र यादव, सीजी 19 बीएफ 4214 का चालक कमल सिंह व ट्रक क्रमांक सीजी16 ए 1610 का चालक संतोष टण्डन के खिलाफ धारा 283 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### रियलमी 5 जी लॉन्च

**रायपुर 5 अप्रैल।** भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी12× 5जी लॉन्च किया। रियलमी नंबर सीरीज़ का यह नया स्मार्टफोन कंपनी के सफर में एकमहत्वपूर्ण पड़ाव है, जो जो इसके 'मेक इट रियल' के सिद्धांतको जीवंत करके युवा आबादी की डायनामिक पसंदों के अनुरूप है।एंट्री-लेवल5त्न किलर के रूप में रियलमी 12×5% यूज़र्स को अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा। यह 45 सुपरवूक चार्जिंग और 5000 एमएम की शक्तिशाली बैटरी के साथ भारत में अपने सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है।

# समाज और सेना एक-दूसरे के पूरक

**रायपुर 5 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ ओडिशा सबकमान्ड एरिया (कोसा) मुख्यालय में नए पदस्थापित कमांडर ब्रिगेडियर अमन आनंद ने आज साइंस कॉलेज, रायपुर में छात्रों से वार्तालाप करते हुए देश हित में कार्य करने की प्रेरणा दिए। ब्रिगेडियर अमन आनंद ने रक्षा अध्ययन तथा एन.सी.सी. के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी देश के सिपाही हैं, देश की रक्षा की जिम्मेदारी जितनी सैनिकों की होती है, आम नागरिकों की भी उतनी ही होती है। समाज और सेना, दोनों एक दूसरे के पूरक होते हैं। सेना इस वर्ष तकनीकी को आत्मसात करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। ब्रिगेडियर अमन आनंद ने महाविद्यालय के छात्रों को सैन्य शोध हेतु आर्थिक अनुदान प्रदान करने की घोषणा की है। साथ ही कोसा और साइंस कॉलेज के मध्य, अकादमी एवं शोध गतिविधियों के उन्नयन हेतु, मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग करने की बात कही है ।

इससे पहले महाविद्यालय प्रांगण में आगमन पर ब्रिगेडियर अमन आनंद तथा कर्नल सुनील शर्मा ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी सी चौबे के साथ शहीद उद्यान में महाविद्यालय के पूर्व छात्र शहीद से. ले.राजीव पांडेय (वीर चक्र) एवं शहीद उप निरीक्षक युगल किशोर वर्मा के मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित किए।

## नक्सलियों पर कार्रवाई सीएम को बधाई



**रायपुर 5 अप्रैल।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह चावला, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र छाबड़ा एवं महामंत्री सुभाष अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को लिखित पत्र में कहा है कि कि पिछले 40 वर्षो से बस्तर रेंज में नक्सली समस्या है। एक बार 55 जवान शहीद हुए थे तथा एक बार 21 जवान शहीद हुए थे लेकिन 40 वर्षो के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि पुलिस की कार्यवाही 13 नक्सली मारे गये यह अब तक की सबसे बड़ी सफलता है इसके लिए हम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को बधाई देते है कि उनके 3 माह के कार्यकाल में जो बड़ी सफलता मिली है वह पहले कभी नहीं मिली। विष्णुदेव साय जी के बार में कहावत है कि वे बोलते कम है काम ज्यादा करते है । उन्होंने कहा अभियान में शामिल पुलिस के एक हजार जवानों को भी बधाई दी है।

## भनपुरी-रावाभाटा चेंबर की नई कार्यकारिणी

**रायपुर 5 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज भनपुरी-रावाभाटा की वर्ष 2024-26 की कार्यकारिणी गठित हुई जिसके अध्यक्ष चेंबर मंत्री शंकर बजाज बने तथा महासचिव एवं कोषाध्यक्ष के पद पर लव बंसल एवं सौरभ बरमट आसन्न हुए साथ ही उपाध्यक्ष सिद्धार्थ चितलांगिया, रोहित पंजवानी, संयुक्त सचिव रमेश पटेल, निदेशक राजू कापसे, संजय चावड़ा, दिलीप भाई पटेल, निलेश मुंदड़ा, सदस्य नवीन भाई लिंबानी, विनीत माहेश्वरी, हरीश मलंग एवं दिनेश माहेश्वरी बने।

# परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिया जा रहा इतिहास का ज्ञान

**पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर से इस यात्रा की शुरुआत होगी**

**रायपुर 5 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में आने वाले महीनों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित होने वाली है। इसमें पांच लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस अभ्यर्थियों की तैयारी के लिए सात अप्रैल को परीक्षा की तैयारी के लिए ग्राउंड जीरों से एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर से इस यात्रा की शुरूवात होगी, जोकि विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते हुए कलेक्टोरेट उद्यान में अभ्यथिया समाप्त होगी। एक दिवसीय इस यात्रा में शामिल अभ्यर्थियों को यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर इतिहास, कला और संस्कृति की जानकारी छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्यकार डॉ. गीतेश कुमार अमरोहित प्रदान करेगें। युवा अन्यर्थियों को इस दौरान पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, संस्कृत महाविद्यालय, राजकुमार कॉलेज, ईदगाह भाठा, आनंद समाज वाचनालय, आजाद चौक, जयस्तंभ चौक, केसरे हिन्द दरवाजा, जवाहर बाजार, डे भवन, पहाड़ी मैना चौक, मोती बाग, घासीदास संग्रहालय, छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा, कलेक्टोरेट उद्यान से संबंधित इतिहास और संबंधित अन्य तथ्यों को अभ्यर्थियों को ग्राउंड जीरो में ही विस्तार से समझाया जाएगा। विस्तार फाउंडेशन के गजेंद्र साहू और अनिकेत गोंड ने बताया कि पूर्णतः निःशुल्क इस यात्रा पर शामिल अभ्यर्थियों को बुक और संबंधित नोट्स भी दिए जाएंगे। अगर किसी स्थान पर खड़े होकर उस स्थान विशेष की जानकारी छात्र-छात्राओं को दिया जाए तो वह लंबे समय तक मेमोरी में रह जाता है। इस यात्रा का उद्देश्य भी वही है। इसलिए इस यात्रा को लेकर पीएससी अभ्यर्थियों के युवा अन्यर्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# शाह और मोदी की सभा को लेकर भाजपा में बड़ा उत्साह

**स्टार प्रचारक चुनाव जीतने के लिए देंगे टिप्स**

मुख्य नगर संवाददाता





**रायपुर, 5 अप्रैल।** भाजपा के स्टार प्रचारक एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल 6 अप्रैल को कवर्धा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा कार्यालय के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री स्थानीय पदाधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव जीतने का मंत्र भी देंगे। इसके पश्चात देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा 8 अप्रैल को कोण्डागांव में आयोजित की गई है। कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के भी शीघ्र बस्तर आने की सूचना है।

भाजपा के प्रचार एंव राष्ट्रीय पदाधिकारी लता उसेंडी ने बताया कि राज्य में चुनाव प्रचार के लिए राष्ट्रीय नेताओं का कार्यक्रम बन गया है। भाजपा कार्यालय के स्थानीय प्रवक्ता लोकेश कावड़िया के अनुसार 6 अप्रैल को अमित शाह की सभा कवर्धा में होगी। यहां से संतोष पांडेय चुनाव लड़ रहे हैं। इस समय कवर्धा विधानसभा क्षेत्र काफी चर्चा में है। स्थानीय विधायक गृहमंत्री बन गए हैं। राजनांदगांव के अंतर्गत डोंगरगांव, डोंगरगढ़, खुज्जी तथा मानपुर-मोहला विधानसभा आते हैं। यहां पर भाजपा प्रभारी नितिन नबीन कई बैठकें ले चुके हैं। महासमुंद में भाजपा की प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी का सघन चुनाव प्रचार अभियान चल रहा है। वे महासमुंद, खल्लारी, सरायपाली व बसना विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुकीं हैं। यहां पर न तो चुनावी शोरगुल सुनाई दे रहा है और न ही कोई पोस्टर-बैनर युद्ध दिख रहा है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं। जिला जनपद अध्यक्ष उषा पटेल सहित कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं जिसके कारण यहां पर भाजपा की स्थिति और भी मजबूत होती जा रही है। कांकेर में आप के नेता कोमल उसेंडी भाजपा में आ चुके हैं। राजनांदगांव में भी प्रचार-प्रसार तेजी से चल रहा है।

### बस्तर आएंगे कांग्रेस के स्टार प्रचारक

कांग्रेस भवन से मिली जानकारी के अनुसार आज कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी कर दिया गया है जिसमें महिलाओं एवं युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों के लिए सौगात दी गई है। यहां पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की चुनावी सभाएं आयोजित करने पर विचार चल रहा है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार शीघ्र ही कार्यक्रमों की घोषणा कर दी जाएगी। बस्तर में मतदान 19 अप्रैल को होगा।

# कांग्रेस की 5 न्याय व 25 गारंटी लोकसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित होंगी: सुशील



**रायपुर 5 अप्रैल।** कांग्रेस के 5 न्याय 25 गारंटी लोकसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित होंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की जनता के लिये लोकसभा चुनाव में 5 न्याय और 25 गारंटी दिया है। जनता को कांग्रेस के वादों से आशा की नई किरण दिख रही है। कांग्रेस ने कुल 5 न्याय की गारंटी दिया है। नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और भागीदारी न्याय पांचो न्याय घोषित होने के बाद से ही देश के हर वर्ग के मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति नजरिया बदला है लोगों को कांग्रेस की सरकार में अपना भविष्य दिख रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को हर साल 1 लाख और महिनें में 8333 रू देने का वादा किया है। इसके साथ ही केन्द्रीय भर्तियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का भी वादा कांग्रेस ने किया है कांग्रेस की इस घोषणा के बाद महिलायें मतदाताओं का ध्रुवीकरण कांग्रेस की ओर हुआ है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 200 से बढ़ाकर 400 करने का वादा किया है इससे देश के मजदूरों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने मनरेगा के तहत रोजगार को कानूनी बनाया था फिर से कांग्रेस मजदूरों के मजदूरी बढ़ाने की गारंटी दे रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस किसानों को उनकी ऊपज की पूरी कीमत देने को भी प्रतिबद्ध है इसीलिये कांग्रेस ने किसानों से वादा किया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य ( स्स्क्क ) को कानूनी गारंटी देगी इसके लिये संसद में कानून बनाया जायेगा साथ ही स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के अनुसार समर्थन मूल्य निर्धारण करेगी इसके साथ ही कांग्रेस ने कृषि उत्पादों को, कृषि उपकरणों को जीएसटी के दायरे से बाहर लाने का वादा किया है।

# संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए 10 चौपर

**राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर में नामांकन पत्रों की संवीक्षा**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 5 अप्रैल।** लोकसभा के द्वितीय चरण में कुल तीन लोकसभा क्षेत्रों राजनांदगांव, महासमुंद तथा कांकेर में आज नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का कार्य मुख्य प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में किया जा रहा है। आयोग के निर्देशानुसार संवेदनशील मतदान केंद्रों में मतदान दल भेजने के लिए हेलीकाप्टर की विशेष व्यवस्था की जा रही है। जिलों में कुल वाहनों की उपलब्धता एवं प्रशिक्षण का काम तेजी से चल रहा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे। प्रथम चरण में बस्तर तथा द्वितीय चरण में राजनांदगांव, महासमुंद एवं कांकेर में अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। राजनांदगांव में अपेक्षानुसार नामांकन पत्र भरने वालों की रिकॉर्ड संख्या नहीं बन पाई है।

यहां पर कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में सभी नामांकन पत्रों की जांच का काम शुरू हो गया है। वहीं कांकेर तथा महासमुंद में भी नाम निर्देशन पत्रों की जांच का काम चल रहा है इसमें संपत्ति की घोषणा, जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य जानकारी के आधार पर जांच चल रही है। 8 अप्रैल को नाम वापसी के पश्चात इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। आयोग के निर्देशानुसार 167 मतदान केंद्रों को संवेदनशील माना गया है। इसके लिए 10 हेलीकाप्टर उपलब्ध कराए जाएंगे। मतदान दल को लाने-ले जाने की व्यवस्था हेलीकाप्टर द्वारा ही की जाएगी। बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा तथा गरियाबंद के संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए यह व्यवस्था की गई है। जिलों में मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुल वाहनों की उपलब्धता के पश्चात वाहन अधिग्रहित किए जा रहे हैं। मतदान दलों को लाने-ले जाने के लिए बस की व्यवस्था की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले चुनाव की प्रक्रिया पर निरंतर नजर रखे हुए है। द्वितीय चरण के लिए मतदान 26 अप्रैल को होगा। राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनाव लड़ने से यह चुनाव हाई प्रोफाइल हो गया है। विधानसभा स्पीकर चरण दास महंत द्वारा की गई टिप्पणी के बाद यहां पर बवाल मचा हुआ है।

### मीडियाकर्मियों को प्रशिक्षण

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार 6 अप्रैल को सर्किट हाउस में मीडियाकर्मियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदान दलों एवं मतगणना केंद्रों, वीवीपैट, ईवीएम के अलावा डाकमतपत्र सहित अन्य बिन्दुओं पर जानकारी दी जाएगी। नाम निर्देशन के लिए अभ्यर्थी द्वारा शपथ पत्र में दी गई जानकारी के बारे में भी बताया जाएगा। आयोग द्वारा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराया जाना है इसलिए मतदाताओं को अधिक से अधिक जानकारी दी जाएगी। आयोग द्वारा स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया से भी मतदाताओं को जागरूक करने की अपेक्षा है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26